# हरिभूमि

नई दिल्ली

शुक्रवार 6 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 294
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 24.0
न्यून. 6.0

इस वर्ष कुल 4,50,13,379 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए

## पीएम आज करेंगे विद्यार्थियों से 'परीक्षा पे चर्चा', मिलेगा तनाव से मुक्ति का मंत्र

- परीक्षा पे चर्चा आज प्रातः 10 बजे होगा लाइव
- सभी विद्यालयों में होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
- दिल्ली एनसीआर के विद्यालय में कार्यक्रम का होगा आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्रों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। पीएम नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन के जरिए छात्रों से रूबरू होंगे और उन्हें एग्जाम स्ट्रेस को दूर करने के गुर सिखाएंगे। पीएम मोदी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से किए गए ट्वीट के मुताबिक परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए एपिसोड को 6 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे लाइव कर दिया जाएगा। इस बार परीक्षा पे चर्चा नए कलेबर के साथ आया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा देश के अलग अलग राज्यों के स्टूडेंट्स के साथ करेंगे। इसमें देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और दिल्ली के 7, एलकेएम के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष कुल 4,50,13,379 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए हैं। रजिस्ट्रेशन करने वालों में से स्टूडेंट्स की संख्या 4,19,14,056 टीचर्स की संख्या 24,84,259 और पेरेंट्स की संख्या 6,15,064 है। पिछले संस्करण में परीक्षा पे चर्चा के लिए 3.53 करोड़ से अधिक परीक्षा पे चर्चा के लिए रजिस्ट्रेशन हुए थे जिसके कारण गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा इसे मान्यता दी गई थी। ऐसे में इस वर्ष भी इसे इस रिकॉर्ड के लिए नामित किया जा सकता है। सभी विद्यालयों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।



### धर्मेंद्र प्रधान के लेख पर पीएमओ की प्रतिक्रिया



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के आधिकारिक अकाउंट से लिखा गया कि इस लेख में बताया गया है कि कैसे परीक्षा पे चर्चा एक जन आंदोलन बन गया है, जो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। पीएमओ की ओर से कहा गया कि धर्मेंद्र प्रधान ने अपने लेख में दोहराया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बाल-केंद्रित दृष्टिकोण, भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर फोकस और मातृभाषा पर जोर देकर छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लेख साझा करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद और बातचीत के अंदाज ने छात्रों को यह महसूस कराया कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्रेड डील के साथ भारत के रूस से तेल की खरीद रोकने के दावे पर भारत की पहली प्रतिक्रिया

## 140 करोड़ देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः जायसवाल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार समझौते की घोषणा के साथ ही भारत के रूस से तेल खरीदने पर पूरी तरह से रोक लगाने की घोषणा को लेकर नई दिल्ली की पहली प्रतिक्रिया आई है। जिसमें गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पेट्रोलियम या ऊर्जा उत्पादों के मामले में सरकार ने पहले भी कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि इस संबंध में 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा यानी जरूरतों को हर हाल में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सार रूप में भारत किसी अन्य देश के दबाव के सामने नहीं झुकेगा। ऊर्जा आपूर्ति को लेकर हम अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी से बदलते हालातों और उनके गहन आकलन को भी अपनी रणनीति के केंद्र में रखते हैं। ऐसे में इस बाबत हमारे जो भी कदम हैं, वो ही हमारी मूल रणनीति का आधार हैं। यह जानकारी राजधानी में आयोजित की गई नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में जायसवाल ने दी है।

### वेनेजुएला पुराना ऊर्जा साझेदार

*उन्होंने रूस से इतर अमेरिका की भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की पेशकश से जुड़े प्रश्न का भी जवाब दिया। जिसमें बताया कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को मजबूत बनाए रखने के लिए भारत वेनेजुएला के साथ कच्चे तेल की आपूर्ति के साथ ही अन्य मौजूद नए विकल्पों के व्यावसायिक पहलुओं को तलाशने और उनका आकलन करने के लिए खुला हुआ है। वेनेजुएला भारत का एक दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदार रहा है। हमारे संबंधों का विस्तार व्यापार और निवेश भागीदार के रूप में आगे बढ़ा है। बीते वर्षों में भी हम वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद करते रहे हैं। जिसमें वर्ष 2019 से 2020 तक और उसके बाद 2023-24 तक भी भारत ने वेनेजुएला से तेल की खरीद की है। लेकिन बीच की अवधि में और 2024 के बाद इस संबंध में लगी पाबंदियों की वजह से ऐसा संभव नहीं हो सका था।*

### भारतीय पीएसयू खरीद रहे तेल

*इन सबके बीच हालांकि सार्वजनिक क्षेत्र की भारत की तेल कंपनियों (ऑइल पीएसयू) की वर्ष 2008 से ही वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला (पीडीवीएसए) के साथ साझेदारी रही है। तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति पर काम कर रहा है। घरेलू दृष्टिकोण के मद्देनजर हम तेल आपूर्ति से जुड़े हुए अन्य विकल्पों की तलाश करने के लिए तैयार है।*

### भारत पर अमेरिकी टैरिफ 18 फीसदी हुआ

जायसवाल ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कहा कि दोनों देशों के बीच हुआ यह एक ऐतिहासिक समझौता है। जिससे जुड़ी हुई छोटी-बड़ी जानकारी को अभी फिलहाल अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। जल्द ही यह पूरा हो जाएगा। जिसके साथ ही हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। समझौते में संबंधों की अनंत संभावनाएं मौजूद रहेंगी। जहां तक टैरिफ का मसला है तो उसे लेकर दोनों देशों की तरफ से बयान दिया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पारस्परिक टैरिफ 18 फीसदी होगा। ऐसे में अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का अंतिम आंकड़ा 18 फीसदी होगा। उन्होंने बताया कि समझौते की घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बीते सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के तुरंत बाद की गई थी। जिसमें उन्होंने भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी करने का ऐलान किया था। पीएम ने भी टैरिफ में कटौती को लेकर देश के 1.4 बिलियन लोगों की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रति आभार जताया था। रणधीर ने कहा, मामले पर केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी हाल ही में संसद में और उसके बाद वाणिज्य मंत्रालय में संवाददाता सम्मेलन के जरिए अपना बयान दे चुके हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर पिछले साल कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया था। जिसकी शुरुआत 25 फीसदी के साथ हुई और उसके बाद रूस से तेल खरीद पर 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ लगाया गया था। जिसके साथ ही ये आंकड़ा बढ़कर 50 फीसदी तक पहुंच गया था। भारत ने इसका विरोध करते हुए अमेरिका के उक्त निर्णय को अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### भारत के कई शहरों में डाउन हुआ 'एक्स'



**नई दिल्ली।** भारत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स शाम 4 बजे अचानक डाउन हो गया। डाउन डिक्टेटर के मुताबिक करीब 64% यूजर्स ने वेबसाइट जबकि 23% यूजर्स ने एप में परेशानी की बात कही है। वहीं, 13% लोगों का कहना है कि उन्हें लॉगइन या लॉगआउट में दिक्कतें आ रही हैं। सबसे ज्यादा दिल्ली, मुंबई में हुई।

### जहां से लिया टिकट वहीं से करनी पड़ेगी बोर्डिंग भी



**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे ट्रेन यात्रा से जुड़े बोर्डिंग नियमों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है, जिसका सीधा असर करोड़ यात्रियों पर पड़ेगा। दरअसल, नई व्यवस्था लागू होने के बाद अगर कोई यात्री अपने तय बोर्डिंग स्टेशन से ट्रेन में सवार नहीं होता है, तो अब टीटीई अगले स्टेशन तक उसका इंतजार नहीं करेगा।

### सीएम के ओएसडी बन सकते हैं अजातशत्रु



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर एक अहम नियुक्ति किए जाने के संकेत है। मुख्यमंत्री के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) के पद पर रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अजातशत्रु श्रीवास्तव की तैनाती की जा सकती है। महेश चंद चौधरी को इस पद से हटाए जाने के बाद यह कवायद की जा रही है। इसके जल्द आदेश जारी हो सकते हैं।

हर विषय पर दो टूक अंदाज में अपनी बातें रखीं

# राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री मोदी-भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा, विपक्ष पर किया तीखा प्रहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब विपक्ष के सांसदों ने हंगामा कर बोलने नहीं दिया तो देश की निगाहें गुरुवार को राज्यसभा में उनके उद्बोधन पर टिक गई। राष्ट्रपति अभिभाषण पर पीएम मोदी को उच्च सदन में जवाब देना था। उन्होंने जवाब दिया। तफ्सील से दिया। बोले तो जमकर बोले। डील से लेकर विपक्षी दलों के संसदीय व्यवहार , हर विषय पर दो टूक अंदाज में अपनी बातें रखीं।

कभी शांत, संयत तो कभी आक्रामक अंदाज में प्रधानमंत्री डेढ़ घंटे तक हर उठे सवालों का जवाब दिया। राज्यसभा में विरोध और नारेबाजी के बाद विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट का रास्ता अख्तियार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि भारत आज सही दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और देश ने बीते वर्षों में आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मज़बूत की है। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय भारत को दुनिया में 'फ्रैजाइल फाइव' देशों में गिना जाता था, लेकिन आज भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने दावा किया कि कम महंगाई, मजबूत वित्तीय अनुशासन और बड़े सुधारों के कारण भारत पर वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हाल के वर्षों में कई देशों के साथ अहम व्यापार समझौते किए हैं, जिनमें यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित समझौते को उन्होंने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' करार दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत के साथ व्यापार और साझेदारी करना चाहती है, जो देश की बढ़ती ताकत का संकेत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दल देश की प्रगति को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और नकारात्मक राजनीति में लगे हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाहे जितने नारे लगा लिए जाएं, देश की विकास यात्रा को रोका नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के वॉकआउट पर भी कटाक्ष किया और कहा कि जो लोग धैर्य खो बैठते हैं, ▶▶ शेष पेज 5 पर



राज्यसभा में पीएम मोदी संबोधित करते हुए

विपक्ष के हंगामे के बीच...प्रधानमंत्री के बयान के बिना लोकसभा में पास हुआ राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

### लोकसभा अध्यक्ष बोले, बुधवार को विपक्षी सदस्यों का सदन में पीएम की सीट तक पहुंचना मर्यादा के खिलाफ

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** बजट सत्र के दौरान लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के हंगामे और अड़ियल रुख के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के बिना राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पास हो गया। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित अन्यों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को न बोलने देने के जवाब में पीएम को भी सदन में न बोलने देने की अपनी रणनीति पर अमल किया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे सदन की कार्रवाई की शुरुआत बैनर, तख्तियां लेकर पहुंचे विपक्षी सांसदों के हंगामे के साथ हुई। जिस पर पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई और उसके बाद उन्होंने 28 जनवरी 2026 को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप संबोधित करते हुए दिए अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा रखे गए संशोधनों को सभा के मतदान के लिए रखा। सभी संशोधन ध्वनिमत से अस्वीकृत हुए। इसके बाद अभिभाषण को मतदान के लिए रखा गया और वह भी पास हो गया। वहीं, हंगामे और शोर शराबे में तीन बार (11 बजकर 2 मिनट से 12 बजे तक, 12 बजकर 5 मिनट से 2 बजे तक, 2 से 3 बजे तक, 3 बजे के बाद दिनभर के लिए) के स्थगन के बाद सदन की कार्रवाई को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।



### मेरे निर्देश पर सदन में नहीं आए पीएमः बिरला

*लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के हंगामे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन में तख्तियां और बैनर लेकर आओगे तो बोलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बीते बुधवार को प्रतिपक्ष के सदस्यों के सत्ता पक्ष की वेल में प्रधानमंत्री की सीट के सामने पहुंचने की घटना को लेकर भी नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि मुझे सूचना मिली थी कि कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। ऐसी स्थिति से* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार को रायपुर पहुंचेंगे अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने वो तय तारीख इतिहास में अंकित होनी है जब खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह औपचारिक रूप से घोषणा करेंगे कि देश को नक्सलियों से मुक्ति मिल गई ! उससे पहले जमीनी हकीकत से खुद रूबरू होने अमित शाह शनिवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 7 फरवरी से 9 तक तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वे राज्य में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की स्थिति की समीक्षा के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहम बैठकें करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने दौरे के पहले दिन 7 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री शाम 7 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद रात 8 बजे होटल मेफेयर में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें राज्य की आंतरिक सुरक्षा और सहकारिता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। 8 फरवरी को अमित शाह होटल मेफेयर, रायपुर में सुबह 10:30 बजे ▶▶ शेष पेज 5 पर

कनाडाई प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सैनी से की मुलाकात, हुई सार्थक चर्चा

### हरियाणा-कनाडा के बीच शिक्षा स्किल डेवलपमेंट और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। यह मुलाकात बुधवार देर सांय चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास 'संत कबीर कुटीर' पर हुई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा वैश्विक सहयोगों के लिए हमेशा तैयार है, जिससे प्रदेश में कौशल वृद्धि, नवाचार और आर्थिक विकास को गति मिले। उन्होंने बताया कि हरियाणा के बड़ी संख्या में छात्र कनाडा में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक सहयोग दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

संपन्न हुई अमेरिका के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा, व्यापार, यूक्रेन सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

### तनाव के बीच पकड़े गए 8 नाविकों को ईरान ने छोड़ा, जल्द भारत पहुंचेंगेः जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल दिसंबर महीने में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स द्वारा समुद्री इलाके में अचानक की गई गोलीबारी के साथ पकड़े गए 'एमटी वेलियंट रोर' नामक जहाज पर सवार 16 भारतीय नाविकों में से 8 की रिहाई हो गई है। जिसके बाद तमाम जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद यह जल्द ही स्वदेश पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित की गई नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि मामले में भारतीय दूतावास की टीम ने बंदर अब्बास में काउंसलर एक्सेस के जरिए इन सभी नाविकों से मुलाकात भी की है। जिनमें से 8 को ईरान ने रिहा कर दिया है और जल्द ही इनके भारत पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। वहीं, बाकी बचे हुए 8 ▶▶ शेष पेज 5 पर

मेघालय में अवैध कोयला खदान में हुआ जोरदार धमाका


# 18 लोगों की मौतः शव भी हुए बरामद, कई घायल

धमाके का कारण डायनामाइट का फटना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेघालय के पूर्वी जंयतिया हिल्स जिले में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया है, यहां एक अवैध कोयला खदान में बड़ा धमाका हो गया, जिसमें 18 लोगों के शव बरामद हो गए है। इसके अलावा कई लोगों के घायल होने की खबर है। धमाके का कारण डायनामाइट का फटना बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर बचाव अभियान चलाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और एनडीआरएफ के टीमें राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई हैं। इधर, राज्य डीजीपी ने बताया कि अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में 18 मजदूरों की मौत हो गई, कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पूर्वी जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई। खदान में काम कर रहे सात लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं और एक व्यक्ति जो 70% तक झुलस गया है, उसे इलाज के लिए राज्य की राजधानी शिलांग भेजा गया है। बचाव दल और अधिकारी अभी यह पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं कि खदान के अंदर कितने और लोग फंसे हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि धमाके में एक व्यक्ति घायल हो गया और उसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया।

*एसडीआरएफ को बुलाया गया*



धमाके के बाद उठता गुबार

### पीएम ने किया मदद का ऐलान



मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

मेघालय हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है और जिला प्रशासन व पुलिस को 9 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने खदान मालिकों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश भी दिए हैं।




# गुमशुदा के मामलों को लेकर घबराने की जरूरत नहीं: दिल्ली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ आंकड़े पिछले सालों की तुलना में कम

दिल्ली पुलिस ने जनवरी के पहले पखवाड़े में राजधानी में 800 से अधिक लोगों के लापता होने के आंकड़े सार्वजनिक होने और मामले के तूल पकड़ने के बाद सफाई दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय त्यागी ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि लोगों को घबराने की जरुरत नहीं है। क्योंकि ये आंकड़े वास्तव में पिछले वर्षों की इसी अवधि की तुलना में गिरावट को दर्शाते हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन मामलों में किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता का पता नहीं चला है।

हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अपने बयान में महीने के लिए सटीक कुल संख्या साझा नहीं की। पुलिस ने दावा किया कि वह पारदर्शी और निष्पक्ष अपराध रिपोर्टिंग नीति का पालन करती है। लापता व्यक्तियों से संबंधित सभी शिकायतों को तुरंत दर्ज किया जाता है और उनकी जांच की जाती है। गुमशुदगी की प्राथमिकी न केवल स्थानीय पुलिस थाने में बल्कि ऑनलाइन मंच और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (112) के माध्यम से भी दर्ज की जा सकती है। गुमशुदगी के सभी मामलों में मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन किया जाता है। गुमशुदा व्यक्ति का पता लगाने के लिए तत्काल प्रयास शुरू किए जाते हैं और बच्चों से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इस संबंध में सभी जिलों में डेडिकेटेड मिसिंग पर्सन स्क्वाड और क्राइम ब्रांच में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट कार्यरत हैं, ताकि इस विषय में केंद्रित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### किसी संगठित गिरोह का हाथ नहीं

पुलिस ने साफ किया कि दिल्ली में बच्चों के लापता होने और अपहरण के मामलों में किसी भी संगठित गिरोह की संलिप्तता सामने नहीं आई है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। पुलिस ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एक से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोग लापता हुए है। यानी प्रतिदिन औसतन 54 लोग लापता हुए। इनमें से 509 महिलाएं और लड़कियां तथा 298 पुरुष थे। लापता लोगों में से 191 नाबालिग और 616 वयस्क थे।

## खबर संक्षेप

### खालिस्तान समर्थक नारे लिखने वाले दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इन पर गणतंत्र दिवस समारोह से ठीक पहले दिल्ली में दो जगहों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखकर माहौल खराब करने की कोशिश का आरोप था। इनके नाम बलजिंदर और रोहित उर्फ कीर्थ बताये गये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने बताया कि वे पन्नू के निर्देश पर काम कर रहे थे। पन्नू ने उन्हें 26 जनवरी से कुछ दिन पहले सार्वजनिक जगहों पर नारे लिखकर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और शहर में अशांति फैलाने के लिए 2 लाख रुपये देने का वादा किया था। पुलिस के अनुसार जांच में पता चला कि यह साजिश कनाडा में रची गई थी, जहां पन्नू के एक करीबी सहयोगी ने आरोपियों के साथ तालमेल बिठाया था। पुलिस इनसे पूछताछ कर पन्नू और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है।

### लूटपाट के दौरान हमला कर शख्स की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में गुरुवार दोपहर एक अधेड़ उम्र के शख्स की लूटपाट के दौरान हत्या कर दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर कार्रवाई करते हुये एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार गुरुवार को दोपहर लगभग तीन बजे सीलमपुर थाना एरिया में एक बेहोश व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी। उसे आम लोगों ने जेपीसी अस्पताल पहुंचाया था। जेपीसी अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उस व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। मृतक की पहचान बनारसी दास (54) के रूप में हुई है। आगे की जांच में पता चला कि पीड़ित को संदिग्धों ने रोका और उस पर हमला किया। लूटपाट की कोशिश के दौरान वह बेहोश हो गया। सीलमपुर थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मनोज मोरखेड़िया गैंग का सक्रिय बदमाश अरेस्ट

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने वांछित अपराधी मोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनोज मोरखेड़िया गैंग का सक्रिय बदमाश बताया गया है। वह नरेला फायरिंग मामले में भी वांछित था। इसके पहले भी हत्या के प्रयास के दो मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी कृष्ण कुमार के अनुसार 4 फरवरी को एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह, संदीप यादव और नीरज के नेतृत्व में स्पेशल सेल की साउथ वेस्टर्न रेंज की एक टीम ने पंजाबी कॉलोनी, नरेला में छापा मारा। छापेमारी के दौरान एक आरोपी मोहित (30) पुत्र चंदर सिंह निवासी जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मनोज मोरखेड़िया गैंग का एक सक्रिय और मुख्य सदस्य है और पहले भी हत्या के प्रयास और मारपीट के मामलों में शामिल रहा है। आरोपी दिल्ली और एनसीआर में अलग-अलग जगहों पर छिपकर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था।

## डेटिंग ऐप के जरिये ग्राहकों को प्रलोभन देकर अधिक पैसे वसूलने के आरोप

# आनंद विहार के रेस्तरां मालिक के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली में डेटिंग ऐप के जरिये ग्राहकों को प्रलोभन देकर बुलाने और फिर उनसे अधिक पैसे वसूलने के आरोप में पुलिस ने एक रेस्तरां मालिक के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की हैं। यह कार्रवाई कई पीड़ित ग्राहकों से शिकायत मिलने के बाद की गई। पुलिस ने कैफे भी बंद करवा दिया है और केस की छानबीन में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके में एक मॉल स्थित कैफे में खाने-पीने की चीजों के अधिक बिल बनाने के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हुई थी। सूत्रों ने बताया कि यह मामला 'डेटिंग साजिश' से जुड़ा है। इसमें महिलाओं को लोकप्रिय डेटिंग ऐप के जरिये पुरुषों को निशाना बनाने के लिए मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। सूत्रों ने बताया कि महिलाएं ऑनलाइन बातचीत शुरू करती थीं और पुरुषों को कैफे में मिलने के लिए राजी कर लेती थी। पूरे प्रकरण की जांच से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि कैफे में मुलाकात के दौरान पीड़ितों को अत्यधिक कीमत पर भोजन और पेय पदार्थ परोसे जाते थे। कई मामलों में बिल असामान्य रूप से अधिक होते थे, जो मेन्यू में दी गई कीमतों या ग्राहकों की अपेक्षा कहीं अधिक थे। जब कुछ पीड़ितों ने अधिक कीमत पर आपत्ति जताई या बड़ी रकम चुकाने में असमर्थता व्यक्त की, तो उन्हें कथित तौर पर धमकाया गया। यहां तक कि कुछ मामलों में पुरुषों के साथ कैफे के अंदर या उसके आसपास मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि काम करने का तरीका सुनियोजित प्रतीत होता है, जिसमें कैफे इस तरह की मुलाकातों के लिए एक तय स्थान के रूप में काम करता था। जांचकर्ता कॉल रिकॉर्ड, डेटिंग ऐप्लिकेशन चैट और वित्तीय लेनदेन की जांच कर रहे हैं, ताकि इस षड्यंत्र में कैफे मालिक की भूमिका का पता लगाया जा सके। कई लिखित शिकायतें प्राप्त होने के बाद पुलिस ने कैफे मालिक के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की है।

# डिलीवरी ब्वॉय अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ सोशल मीडिया पर करता था हथियार का प्रदर्शन

द्वारका जिले की एएटीएस टीम ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ अपनी तस्वीरें प्रदर्शित करने वाले एक उभरते हुये बदमाश को गिरफ्तार किया है। जेप्टो के डिलीवरी ब्वॉय के पास से एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया। आरोपी समीर अपने दोस्तों पर रौब जमाने के लिए उन्हें हथियार दिखाता था। वह सोशल मीडिया और व्हाट्सएप डीपी पर भी हथियार के साथ अपनी तस्वीरें लगाता था।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार एएटीएस टीम ने एक इंस्टाग्राम अकाउंट की पहचान की थी। इस संबंध में कोई विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए गुप्त मुखबिरों को भी लगाया गया था। आखिरकार तकनीकी सहायता और मानवीय खुफिया जानकारी की मदद से समीर (19) पुत्र मुकेश निवासी सूरज विहार ककरौला को सेक्टर 17, द्वारका से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक भरी हुई देसी पिस्टल बरामद हुई। इस संबंध में द्वारका नॉर्थ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह जेप्टो में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। रात में डिलीवरी के समय अपनी पर्सनल सेफ्टी के लिए उसने यह हथियार मंगोलपुरी के रहने वाले मोनू से खरीदा था। उसने यह भी बताया कि वह इलाके और दोस्तों के सर्कल में खुद को बदमाश दिखाना चाहता था। इसके लिए उसने हथियारों की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। हथियार के सोर्स मोनू की तलाश जारी है।

# चाकू दिखाकर लूटपाट करने के आरोप में दो नाबालिग दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली में एक मोटरसाइकिल सवार को चाकू की नोंक पर 32 हजार लूटने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पहाड़गंज और आनंद पर्वत क्षेत्रों से दोनों नाबालिगों को हिरासत में लिया। उनके पास से लूटी गई नकदी भी बरामद कर ली गयी है। पुलिस के अनुसार 28 जनवरी को शाम करीब सात बजे ईदगाह के पास रानी झांसी रोड पर यातायात बाधित होने के कारण शिकायतकर्ता की मोटरसाइकिल के धीमी हो जाने के दौरान यह घटना हुई थी। शिकायतकर्ता ने कहा कि मौके का फायदा उठाते हुए दो लड़कों ने मोटरसाइकिल रोक ली। उनमें से एक ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के पीछे बैठकर उसकी गर्दन पकड़ ली और उसे काबू कर लिया, जबकि दूसरे ने मोटरसाइकिल को आगे से रोक दिया। उन्होंने उसे चाकू दिखाकर धमकाया और उससे 32 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित उस समय काम के बाद घर लौट रहा था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की पहचान की गई थी।

# गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष कालका ने उठाए सरना बंधुओं की राहुल गांधी से मुलाकात पर सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने गुरुवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पूर्व कमेटी अध्यक्ष हरविंदर सिंह सरना कल देर शाम कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मिले है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल सरना भाइयों के कांग्रेस पार्टी से गठबंधन के लिए बेचैन नजर आ रहे है। प्रेसवार्ता में हरमीत सिंह कालका के साथ जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों व अन्य मौजूद थे। कालका ने दावा किया की राहुल गांधी के साथ सरना की हुई बैठक में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 1984 में सिखों के गले में टायर डालकर उन्हें जिंदा जलाया और नरसंहार किया। आज अकाली दल बादल उसी पार्टी के साथ गठबंधन करने के लिए उतावले है, जो बेहद शर्मनाक बात है। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार साहिब को लिखित शिकायत भी भेज रहे हैं। पूरी सिख संगत जानती है कि सरना भाइयों के दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के कार्यकाल के दौरान दिल्ली सिख नरसंहार के दोषियों को सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया जाता रहा है। जबकि हम कभी भी सिख कौम को इस तरह कलंकित करने की इजाजत नहीं देंगे। हमारी अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार साहिब से मांग है कि वे हरविंदर सिंह सरना और परमजीत सिंह सरना के खिलाफ कार्रवाई करें और उनसे जवाब तलब किया जाए। उन्होंने सरदार सुखबीर सिंह बादल से भी सवाल पूछा कि क्या हरविंदर सिंह सरना उनसे पूछकर राहुल गांधी से मिलने गए थे। अगर बिना पूछे गए थे तो उन्हें पार्टी से बाहर निकाला जाए और अगर पूछकर गए थे तो यह साफ है कि सरदार बादल स्वयं कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहते हैं। प्रेस वार्ता में सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि सरना भाई और पूर्व कमेटी अध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के. दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा कौम की संपत्तियां बेचने की झूठी अफवाह फैलाते रहते हैं। लेकिन अब वे दोनों नेताओं से पूछना चाहते हैं कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की गुरुद्वारा अंब साहिब, मोहाली की जमीन बेचे जाने के मामले पर उन्होंने अब तक चुप्पी क्यों साध रखी है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन कौड़ियों के भाव बेच दी गई है, लेकिन मामला उजागर हुए तीन दिन बीत जाने के बावजूद सरना और जी.के. दोनों चुप हैं।

# डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष में हुए बड़े भ्रष्टाचार की तुरंत निष्पक्ष जांच होनी चाहिए : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) कर्मचारी कल्याण कोष में हुए लाखों के भ्रष्टाचार की तुरंत निष्पक्ष जांच व दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। डीटीसी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण ही लगातार घाटे में जा रही है जिसके लिए आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार और वर्तमान भाजपा सरकार ने निगम को भ्रष्टाचार से मुक्त करने व घाटे से उबारने के लिए कोई ठोस नहीं उठाए है। यादव ने कहा कि डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष में 22 लाख से अधिक राशि का डीटीसी के सोशल वेलफेयर विभाग के कर्मचारियों द्वारा गबन करना कोई छोटी बात नहीं है। कर्मचारियों के कोष से जुड़े इस मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को स्वयं हस्तक्षेप करके दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अपराधिक और विभागीय कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो उपराज्यपाल अथवा मुख्यमंत्री अपनी सरकार के तहत डीटीसी विभाग में गड़बड़ी के इस मामले की जांच सीबीआई से भी कराए। यादव ने कहा कि लगभग 97 हजार करोड़ का घाटा झेल रही डीटीसी में कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण कोष में 22 लाख की धोखाधड़ी होगी तो पब्लिक के लिए कर्तव्य निभाने में कैसे मानसिक रुप से स्वस्थ्य होकर अपनी ड्यूटी कर सकते है। उन्होंने कहा कि अगर इस प्रकरण की निष्पक्ष और गहन जांच कराई गई तो डीटीसी में फैले संगठित भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होगा। डीटीसी में भ्रष्टाचार अनियंत्रित होने का बड़ा कारण है कि पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से डीटीसी में मुख्य सर्तकता अधिकारी सीवीओ का पद खाली पड़ा है। डीटीसी में सीवीओ के पद को अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था के तहत विभागीय अधिकारी को नाममात्र रखा गया है। जबकि इस पर आईपीएस अधिकारी की पूर्णकालिक नियुक्ति होनी चाहिए।

# प्रतिष्ठित ब्रांड की हजारों नकली जींस बरामद, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के लॉरेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिष्ठित ब्रांड की नकली जींस बनाने और बिक्री में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ डीआईयू यूनिट ने किया है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम शादिक अनवर (21), रोशन झा (25), राजेश गुप्ता (43) और साजन कुमार (34) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार एक प्रतिष्ठित ब्रांड की नकली जींस, टैग और लेबल के बड़े पैमाने पर निर्माण को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। लॉरेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र में चार स्थानों पर छापेमारी की गई और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान एक टीम ने एक जाने-माने ब्रांड की 580 नकली जींस बरामद कीं। इसके अलावा, विभिन्न ब्रांड की 1,220 जींस भी जब्त की गई। एक अन्य परिसर से टीम ने 1,500 से अधिक जींस, एक सिलाई मशीन और शर्ट बरामद कीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी नकली ब्रांडेड जींस और उससे जुड़े कपड़ों के निर्माण के काम में शामिल थे। वे इन कपड़ों पर नकली लेबल और टैग लगाने के बाद उन्हें असली उत्पादों के रूप में बाजार में बेचा करते थे। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

# भारत को विश्व का डाटा हब बनाने को तैयार हैं देश का युवा और सरकार : तिवारी

## 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने वाला है यह बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




हमारे देश का युवा एवं सरकार दोनों मिलकर भारत को विश्व का डाटा हब बनाने को तैयार हैं। सांसद मनोज तिवारी ने बृहस्पतिवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मक्खन पर लकीर तो सब खींच लेते हैं, यह 2026 का बजट, 2047 के भारत का भाग्य खोलने के लिए पत्थर पर लकीर खींचने जैसा प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया गया यह बजट 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने वाला बजट है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह बजट पुराने बजट प्रस्तावों से अलग है। आम तौर पर जब बजट आता था तो बहुत सारे लोग इस बात को ध्यान में रखते थे कि टैक्स में कितनी छूट हुई। हर साल सिर्फ कुछ पैसों पर टैक्स छूट देकर लोगों को खुश किया जाता रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जो लोगों का विश्वास है उस विश्वास की वजह से यह जो बजट पेश किया गया, उससे लोग किसी आयकर छूट की नहीं बल्कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के बजट की उम्मीद रख रहे थे जो उम्मीद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूरी की है। सांसद तिवारी ने कहा कि इस बार सरकार ने सिर्फ मेट्रो सिटी और बड़े शहरों में ही नहीं बल्कि हर जिले में एक स्किल सेंटर बने उसकी चिंता इस बार के बजट में की है। 2026-27 के बजट में हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल खोलने का प्रावधान किया गया है। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अगर यही कांग्रेस की सरकार होती तो हमें हर साल 50 हज़ार रुपये की टैक्स छूट देकर समय बर्बाद करती पर मोदी सरकार हमें पिछले वर्ष ही सीधा 12 लाख रुपये तक की आय को इनकम टैक्स से फ्री कर चुकी है। देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात कही है कि यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाला बजट है।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

मुख्य अभियंता/निर्माण/आरएसपी/एनआर, 901 बी, टॉवर-I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का पूरा नाम :** दिल्ली डिवीजन में डीएलआई–बीटीआई खंड पर घेनरा गार्ड में किमी 23/21-23/23 पर एलसी संख्या 8-बी के स्थान पर 03 आरओबी का निर्माण (आई) बाएं ओर (पहुंच मार्ग सहित) वाला 4-लेन रोड ओवरब्रिज (ii) दिल्ली डिवीजन में तापरी जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास तापरी–हिंडन केबिन पर किमी 05एच-06एच पर एलसी संख्या 4सी के स्थान पर बाएं ओर (लीएच सहित) वाला 2-लेन रोड ओवरब्रिज और (iii) दिल्ली डिवीजन में मोदीनगर रेलवे स्टेशन (मेरठ छोर) के पास जीजेड. बी–एसआरई खंड पर एमडीएनआर और मुज रेलवे स्टेशन के बीच किमी 48/33-49/01 पर एल एलसी संख्या 15 एसपीएल पर 4-लेन आरओबी का निर्माण। |
| 2 | **लगभग कार्य की लागत :** रु. 1,37,51,22,260.57/- रुपये मात्र (एक सौ सैंतीस करोड़ इक्यावन लाख बाईस हज़ार दो सौ साठ रुपये एवं सत्तावन पैसे) |
| 3 | **कार्य समाप्ति की अवधि :** 18 महीने की अवधि |
| 4 | **बयाना राशि :** रु. 70,25,600.00/- रुपये मात्र (सत्तर लाख पच्चीस हज़ार छह सौ रुपये) |
| 5 | **रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता :** निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 04.02.2026 से 27.02.2026 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | **निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :** निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाईट पर 27.02.2026, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 27.02.2026, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |

**सं.: 20-W-9-2026-WA-DyCE-C-RSP दिनांक: 04.02.2026** **396/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जय प्रकाश, पुत्रः** स्व. चन्द्र देव राय, **पताः** मकान नं.–400, गली नं. 15, प्रशान्त एन्क्लेव, बापरोला, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 404/19 U/s 420/34 IPC, थानाः रनहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 404/19 U/s 420/34 IPC, थानाः रनहौला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंकित करण सिंह**
**महानगर दंडाधिकारी–08 (पश्चिम)**
**कमरा नं. 30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1250/OD/2026**
**(Court Matter)**



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | पांच वर्ष के लिए एम.सी. जुलाना में नगरीय ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से प्रत्येक संस्थान से एकत्रीकरण, पृथ्थकरण और एमआरएफ केन्द्रों/हस्तांतरण स्थलों /प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन के लिए एजेंसी का चयन। | 03.02.2026<br>24.02.2026 | रु.561.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540<br>secmcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/42770/1/88/7 दि. 05.02.26



## हरियाणा लोक सेवा आयोग

### बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 23/2026** **प्रकाशन की तिथि : 05.02.2026**

**1. पद का नाम और पदों का श्रेणीवार विभाजन :**

आयोग शेष हरियाणा कैडर और मेवात कैडर हेतु कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-**

| | | | पीजीटी-कम्प्यूटर साइंस | | | | | महिला उम्मीदवार के लिए 33% हॉरिजंटल आरक्षण | | | | ईएसएम | | | | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | कैडर | कुल पद | सामान्य | एससी | बीसी-ए | बीसी-बी | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | एससी | बीसी-ए | बीसी-बी | सामान्य | एससी | बीसीए | बीसीबी | वीएच | ओएच | एचएच | आईडी/ एमडी |
| 1. | आरओएच | 1594 | 859 | 327 | 163 | 82 | 163 | 277 | 108 | 54 | 27 | 45 | 16 | 08 | 04 | 17 | 17 | 16 | 09 |
| 2. | मेवात | 78 | 43 | 15 | 08 | 04 | 08 | 14 | 05 | 03 | 01 | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 01 | 00 |

**टिप्पणी** : डीएससी/ओएससी में एससी श्रेणी के पदों का विभाजन बाद में घोषित किया जाएगा।

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा की प्रारम्भिक तिथि : 16.02.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा की अन्तिम तिथि : 09.03.2026 अप. 5.00 बजे तक
सी) शुल्क जमा की अन्मि तिथि : 09.03.2026 अप. 5.00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए लॉगऑन करें : http://hpsc.gov.in

दिनांक : 05.02.2026 हस्ता/- सचिव
संवाद–1156/13/377/2026/42772/88/7 दि. 05.02.26 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

# चार दिन बाद कोहरे की कैद से आजाद हुई दिल्ली, खिली धूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



करीब चार दिनों घने कोहरे की गिरफ्त में लिपटी रही राजधानी दिल्ली गुरुवार को आजाद हुई। सुबह से ही मौसम खुला रहा आसमान पर सूरज की चटक खिली खिली धूप व पारा सुधरने से राजधानी में मौसम एकदम सुहाना बना रहा।

भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में खिली हुई धूप व पारे में सुधार से दिल्ली में राहत दिखाई दी। आईएमडी ने बताया कि न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट से बढ़कर डबल डिजिट यानी 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो बुधवार को 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जबकि अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार दिल्ली एनसीआर के तापमान में सुधार हुआ है, कोहरा खत्म हुआ और धूप खिली रही। कंपनी ने अनुमान जताया है कि दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिन तेज धूप खिली रहेगी, तापमान सामान्य रहेगा और दिनभर मौसम सुहावना बना रह सकता है।

स्काईमेट का कहना है कि अब 8–10 फरवरी के बीच एक सिस्टम सक्रिय होगा बावजूद इसके दिल्ली में बारिश की संभावना बहुत कम है। कंपनी ने बताया कि दिल्ली सहित एनसीआर के मौसम में अब सुधार देखने को मिल रहा है। यानी मौसम अब सामान्य सर्दियों जैसा हो गया है, ज्यादा कड़ाके की ठंड अभी नहीं है। गुरुवार 5 फरवरी की सुबह न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ, जो बीते कल 4 फरवरी के मुकाबले लगभग 2 डिग्री ज्यादा है। इसका मतलब है कि रात की ठंड भी पहले से कम हो गई है। अगले दो दिनों तक तापमान का यही ट्रेंड बने रहने की संभावना है, जिससे दिन सुहावने और रातें ज्यादा ठंड नहीं होंगी। कंपनी ने बताया कि कोहरे की गिरफ्त से आजाद हुई दिल्ली में गुरुवार को एनसीआर मे सहित दृश्यता की स्थिति अच्छी बनी रही। पालम एयरपोर्ट समेत सभी जगह न्यूनतम विजिबिलिटी 1000 मीटर या उससे ज्यादा दर्ज की गई।






## भारत मंडपम में 12वें अंतरराष्ट्रीय प्लास्टइंडिया 2026 सम्मेलन में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

# प्लास्टिक को समस्या नहीं समाधान बनाएं : रेखा गुप्ता

**मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टालों का किया भ्रमण, प्लास्टिक के विकास, रीसाइक्लिंग और सर्कुलर इकॉनामी से जुड़े इनोवेशन को देखा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्लास्टिक को समस्या नहीं, समाधान बनाएं। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय प्लास्टइंडिया 2026 सम्मेलन में कही। विश्व स्तर के इस मंच से मुख्यमंत्री ने दिल्ली के औद्योगिक विकास का स्पष्ट रोडमैप साझा किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और प्लास्टिक के विकास, रीसाइक्लिंग और सर्कुलर इकॉनामी से जुड़े इनोवेशन को नजदीक से देखा।

दिल्ली को वैश्विक शहर और मजबूत व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार उद्योग और उद्यमिता को सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार 10 करोड़ रुपये तक का कोलेटरल-फ्री लोन उपलब्ध करा रही है ताकि छोटे उद्यमों को बिना किसी गारंटी के वित्तीय सहयोग मिल सके। भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन में प्लास्टइंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष रविश कामत, प्लास्ट इंडिया 2026 की नेशनल एग्जीक्यूटिव काउंसिल (एनईसी) के चेयरमैन आलोक तिब्रेवाल, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही सहित 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में 5 हजार नए स्टार्टअप्स स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, खासकर प्लास्टिक उद्योग में इनोवेशन और सस्टेनेबल समाधानों को बढ़ावा देने के लिए।

उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाने के लिए नीतियों को सरल किया जा रहा है, ताकि दिल्ली केवल कंजम्पशन हब न रहकर ट्रेडिंग और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर के रूप में भी अपनी पहचान बना सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लास्टिक वेस्ट दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने में बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए रीसाइक्लिंग व वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक तकनीकों पर मिलकर काम करने की जरूरत है। एमएसएमई और 'वोकल फॉर लोकल' की भूमिका पर बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग इन दोनों क्षेत्रों में अहम योगदान दे सकता है।

उन्होंने कोविड-19 के दौरान पीपीई किट, मेडिकल सप्लाई और आवश्यक पैकेजिंग उपलब्ध कराने में प्लास्टिक उद्योग की भूमिका की सराहना की और कहा कि इस सेक्टर ने न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया की जरूरतों को पूरा कर कई जीवन बचाने में योगदान दिया। भारत को एक भरोसेमंद ग्लोबल सोर्सिंग हब बनाने में भी इस उद्योग की बड़ी भूमिका है।

### भारत में 2030 तक प्लास्टिक उद्योग हो सकता है 64 अरब डॉलर

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में भारत की प्लास्टिक इंडस्ट्री का आकार लगभग 44 अरब डॉलर रहा, जो 2026 में बढ़कर 47 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। अनुमान है कि 2030 तक यह उद्योग करीब 64 अरब डॉलर का हो सकता है। यह सेक्टर लाखों लोगों को रोजगार देता है और वैश्विक प्लास्टिक उपभोग में भारत की हिस्सेदारी लगभग 6 प्रतिशत है, जो चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत आज ग्लोबल प्लास्टिक प्रोसेसिंग हब बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

## मंत्री पंकज सिंह ने जे-जे कॉलोनी में विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी की बक्करवाला जे जे कॉलोनी में गलियों और नालियों के बनाने के काम का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। मंत्री डॉ. पंकज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस बात की जानकारी और फोटो शेयर किए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि विकासपुरी विधानसभा अंतर्गत बक्करवाला जे जे कॉलोनी में गलियों और नालियों के बनाने के काम का उद्घाटन वहां के लोगों के साथ किया। इस दौरान स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर चर्चा की। जनसहयोग और जनभागीदारी से क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं वाला क्षेत्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## लुटियंस दिल्ली में इसी महीने शुरू होगी डबल-डेकर बस सेवा

**एजेंसी. नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस महीने डबल-डेकर बस सेवा शुरू की जाएगी, जो प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और भारत मंडपम सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि यह सेवा इसी माह शुरू होगी और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराना है। अधिकारियों के अनुसार, शाम के समय विशेष टूर की भी योजना बनाई जा रही है और इसके लिए मार्ग लगभग तय कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लगभग 20 फरवरी के आसपास, दिल्ली सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर, दो डबल-डेकर बसों के परिचालन की योजना है। यह इलेक्ट्रिक बस कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत उपलब्ध कराई गई है। पहले यह बस परिवहन विभाग के अधीन ओखला डिपो में रखी गई थी, जिसे बाद में पर्यटन विभाग को सौंप दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पर्यटन विभाग इस बस को प्रधानमंत्री संग्रहालय से भारत मंडपम, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नया संसद भवन परिसर, दिल्ली हाट और अन्य प्रमुख स्थलों तक संचालित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि औपचारिक उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से समय मांगा गया है।

**मुलाकात...**



नई दिल्ली। अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा सरकार दिखावे की नहीं, समाधान की करती है राजनीति : चांदोलिया

■ किराड़ी : शर्मा कॉलोनी का समग्र विकास भाजपा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा सरकार दिखावे की नहीं, बल्कि समाधान की राजनीति करती है और शर्मा कॉलोनी का समग्र विकास उनका संकल्प है। उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने बृहस्पतिवार को शर्मा कॉलोनी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और उसके जनप्रतिनिधि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व जब शर्मा कॉलोनी में गंभीर जलभराव की स्थिति बनी हुई थी, तब उन्होंने स्वयं अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को जल निकासी के तत्काल निर्देश दिए थे, जिसके बाद स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में पानी सुखाने, ग्राउंड में भराव करने और जल निकासी के लिए कच्ची ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने इसे एक ज़मीनी और जनहितकारी कार्य बताया।

सांसद चांदोलिया ने कहा कि अब अधिकारियों के साथ दोबारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने डीडीए ग्राउंड में किए जा रहे भराव कार्य को लेकर हो रही राजनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वास्तविकता यह है कि पहले इसी ग्राउंड में करीब तीन फीट तक पानी भरा रहता था, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं और स्थानीय नागरिक परेशान रहते थे।

### आप की लापरवाही से करीब 480 करोड़ का नुकसान

सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने सीवर लाइन तो बिछाई, लेकिन उसे चालू नहीं किया गया और आउटफॉल की व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण सरकार को लगभग 480 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अब स्थिति यह है कि बहुत नीचे चली गई सीवर लाइन को दोबारा ऊपर लाकर पूरी व्यवस्था फिर से करनी पड़ेगी। सांसद चांदोलिया ने कहा कि जब आम आदमी पार्टी के विधायक और नेता फोटो सेशन और प्रतीकात्मक विरोध में लगे थे, उस समय भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि खुद पानी में उतरकर शर्मा कॉलोनी की समस्याओं के समाधान में जुटे थे। यदि समय रहते आप विधायक ने ईमानदारी से काम किया गया होता, तो आज कॉलोनी को इस दुर्दशा का सामना नहीं करना पड़ता।

## एनडीएमसी अध्यक्ष ने किया वार्षिक अंतर-विभागीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के तालकटोरा क्रिकेट ग्राउंड में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एनडीएमसी वार्षिक अंतर-विभागीय खेल प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया, जो फिटनेस, टीम वर्क और खेल भावना के एक जीवंत उत्सव की शुरुआत है। उद्घाटन समारोह में पालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, परिषद के सदस्य अनिल वाल्मीकि और सरिता तोमर, पालिका परिषद सचिव राकेश कुमार, पालिका परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में कर्मचारी और स्कूली बच्चे शामिल हुए, जो पूरे संगठन में खेलों में व्यापक भागीदारी और उत्साह को दर्शाता है। अध्यक्ष केशव चंद्रा ने शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और अनुशासन बनाए रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## प्रतियोगिता के पहले दिन निगम विद्यालयों के छात्रों ने जीते 124 पदक

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के दिव्यांग छात्रों ने तीसरी दिल्ली राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 124 पदक जीते। निगम प्रशासन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम विद्यालयों के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्शाता है कि दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालय ने छात्रों को हर संभव सुविधाएं प्रदान कर रहा है। निगम प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले 200 दिव्यांग छात्रों ने बृहस्पतिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीसरे दिल्ली राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। निगम प्रशासन ने बताया कि निगम के छात्रों ने प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट में भाग लिया।

## भाजपा राज में दिल्ली बन गई लापतागंज : संजीव झा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ नेता व विधायक संजीव झा ने गुरुवार को कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार में देश की राजधानी दिल्ली लापतागंज बनती जा रही है। दिल्ली से लगातार लोग गायब हो रहे हैं। इससे यह पता चलता है कि राजधानी में कानून व्यवस्था दिन-ब-दिन बद से बदतर होती जा रही है और भाजपा की चार इंजन सरकार की सिर्फ मूकदर्शक बनी बैठी है। सवाल यह है कि दिल्ली में ही केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री भी रहते हैं। फिर भी अपराध लगातार क्यों बढ़ता जा रहा है। संजीव झा ने कहा कि अब तक दिल्ली में सैकड़ों लोग लापता हैं।

## भाजपा विधायक ने कैबिनेट मंत्री सिरसा से की मुलाकात

**राशन व्यवस्था और पर्यावरण मुद्दों पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा से भाजपा विधायक राजकरण खत्री ने दिल्ली सचिवालय में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा से भेंट कर नरेला क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सार्थक चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नरेला की जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को और अधिक गति देना रहा। बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले राशन की गुणवत्ता, राशन दुकानों के समय पर खुलने की व्यवस्था, तथा पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक राजकरण खत्री ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और अपेक्षाओं को मंत्री के समक्ष स्पष्ट रूप से रखा।

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने नरेला से जुड़े सभी विषयों को गंभीरता से सुना और जनहित से जुड़े मामलों में आवश्यक सहयोग एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

## पार्षदों ने दिए कमियां गिनाते हुए राजस्व बढ़ाने के सुझाव

# निगम का बजट नागरिकों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का बजट दिल्ली के विकास को रफ्तार देने वाला एवं नागरिकों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बृहस्पतिवार को निगम बजट पर पार्षदों द्वारा चर्चा के बाद यह जानकारी दी। महापौर ने दिल्ली नगर निगम को सहयोग देने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली को साफ स्वच्छ सुन्दर एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर सिंह ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि बजट चर्चा में सभी पार्षदगण भाग लेकर निगम के राजस्व में वृद्धि हेतु अपने सुझाव देंगे और शुक्रवार को होने वाली चर्चा में भाग लेने के लिए तैयारी के साथ आयेंगे। बता दें कि निगम के वित्तीय वर्ष 2025-2026 के संशोधित बजट अनुमान एवं वर्ष 2026-2027 के बजट अनुमानों को लेकर दिल्ली नगर निगम के सदन की विशेष बैठक आयोजित की गई।

इस विशेष बैठक में निगम के बजट पर हुई चर्चा में लगभग 28 पार्षदों ने भाग लिया। कुछ ने कमियां गिनाई तो कुछ ने अपने राजस्व बढ़ाने के लिए सुझाव साझा किए। पार्षदों ने निगम के राजस्व में वृद्धि के लिए अवैध पार्किंग को लाइसेंस देकर निगम के राजस्व में वृद्धि, बड़े निगम विद्यालयों में पीपीपी मॉडल के अंतर्गत खेल परिसरों का निर्माण, प्रदूषण की रोकथाम के लिए हरित कचरे का सही इस्तेमाल,ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान, महिला कर्मियों के लिए प्रत्येक वार्ड में विश्राम गृह, प्रत्येक वार्ड में जेसीबी मशीन एवं सुपर सकर मशीन की सुविधा और निगम के राजस्व को बढ़ाने के लिए यूनीपोल का सर्वे जैसे कई सुझाव दिए गए। पार्षदों ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह दिल्ली को दिशा देने वाला बजट है। चर्चा के दौरान निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध एक टास्क फोर्स बनाने एवं इसके लिए बजट में विशेष प्रावधान करने का सुझाव भी प्रस्तुत किया गया।

### एमसीडी का बजट है जनविरोधी: नारंग



एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बजट को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासित एमसीडी का बजट जनविरोधी है और आप पार्षदों ने बजट का जमकर विरोध किया। नारंग ने कहा कि भाजपा का बजट कागजी और दिखावटी है इसमें सफ़ाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, वेतन-पेंशन और बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। आम आदमी पार्टी इस जनविरोधी बजट का विरोध करती है और दिल्ली की जनता को वास्तविक राहत देने वाला ईमानदार बजट लाने की मांग करती है। "आप" जनता की आवाज़ सदन से सड़क तक उठती रहेगी।

## बाजारों में रेहड़ी-पटरी हटाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे दुकानदार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बड़े व थोक बाजारों में अवैध रेहड़ी पटरी वालों के कब्जों से परेशान व्यापारियों व दुकानदारों ने मोर्चा खोल दिया है। दिल्ली के सदर बाजार, चांदनी चौक, भागीरथ पैलेस, खारी बावड़ी, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर सहित अन्य बाजारों के संगठनों ने अलग अलग जगह प्रदर्शन किया। पुरानी दिल्ली की के अधिकांश व्यापारिक संगठनों के बैनर तले अवैध पटरी हटाओ, व्यापार बचाओ, दिल्ली बचाओ पैदल मार्च निकाला। व्यापारी नेताओं में देवराज बावेजा, श्री भगवान बंसल, चंद्रभूषण गुप्ता, बलदेव गुप्ता, अजय शर्मा, राकेश यादव सहित अन्य शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में सरकारों से मांग की है कि बाजारों में हो चुके अवैध रेहड़ी पटरी वालों के अवैध कब्जों से तुरंत मुक्ति दिलाई जाए। इस बारे बावेजा ने बताया कि हम व्यापारी करोड़ों रुपए का टैक्स सरकार को देते है।

## खबर संक्षेप

### यूपी के 3 एसडीएम को योगी सरकार ने किया सस्पेंड




**लखनऊ।** योगी सरकार ने पीसीएस अफसरों के खिलाफ तगड़ा ऐक्शन लिया है। चंदौली में पं. दीन दयाल उपध्याय नगर में 20 आरसी प्रपत्र नोटिस जारी होने के बाद भी वापस लिए जाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। विराग पांडेय मौजूदा समय एसडीएम गाजियाबाद, लालता प्रसाद एसडीएम बुलंदशहर और सतीश कुमार एसडीएम एटा में तैनात हैं।

### किसी मंत्री या उनके बेटे को बचा रहे हैं: राबड़ी देवी



**पटना।** शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की हत्या व कथित दरिंदगी मामले में विधान परिषद में माहौल गर्म हो गया। विपक्षी सदस्य सरकार पर लीपापोती का आरोप लगाने लगे। नेता विरोधी दल राबड़ी देवी ने खुद मोर्चा थाम लिया। सदन के बाहर मीडिया को दिए बयान में उन्होंने कहा कि सरकार के कोई मंत्री या उनका बेटा इसमें शामिल है। उसे बचाने के लिए लीपापोती की कार्रवाई की जा रही है।

### हाथियों ने एक ही परिवार के 3 लोगों को मार डाला



**बोकारो।** जिले के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर संदीप शिंदे ने बताया कि हाथियों के झुंड ने धान के लिए उनके घर पर हमला किया और उसके एक हिस्से को नुकसान पहुंचाया। जब तीनों ने भागने की कोशिश की तो हाथियों ने घर के बाहर उन्हें कुचलकर मार डाला। उन्होंने बताया कि हाथियों का झुंड कई दिनों से बरकीपुन्नू इलाके में घूम रहा था।

### एसआईआर में दावा, आपत्ति के लिए बढ़ेगा समय

# यूपी में 6 मार्च को फाइनल वोटर लिस्ट नहीं आएगी

***यूपी में 6 मार्च को नहीं फाइनल वोटर लिस्ट नहीं आएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में दावे-आपत्तियां व नोटिस पर सुनवाई का समय बढ़ाया जाएगा। शुक्रवार को दावे व आपत्तियां दाखिल करने का अंतिम समय है। वहीं नोटिस पर सुनवाई 27 फरवरी तक होनी है।***

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में दावे-आपत्तियां व नोटिस पर सुनवाई का समय बढ़ाया जाएगा। शुक्रवार को दावे व आपत्तियां दाखिल करने का अंतिम समय है। वहीं नोटिस पर सुनवाई 27 फरवरी तक होनी है। अब चुनाव आयोग को इसे बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। ऐसे में छह मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित नहीं होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि दावे-आपत्तियों व नोटिस पर सुनवाई की अंतिम तारीख बढ़ाई जाएगी। चुनाव आयोग को इसके लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। जल्द नई तारीखों का एलान किया जाएगा। मतदाता सूची से 2.89 करोड़ लोगों के नाम काटे गए हैं। कुल 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई है। अभी प्रतिदिन ढाई लाख से तीन लाख लोग मतदाता बनने को फॉर्म-6 भर रहे हैं। ऐसे में यह लोग अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो इसका भी पूरा प्रयास किया जा रहा है। ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां लोग ढंग से कर सकें इसके लिए उन्हें और समय दिया जाएगा। यही नहीं जिन मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो सका है, उन 1.04 करोड़ लोगों और तार्किक विसंगतियों वाले 2.22 करोड़ लोगों को नोटिस जानी है। अभी सभी लोगों को नोटिस जारी नहीं हो पाई है। यही नहीं सुनवाई के लिए भी पर्याप्त समय दिया जाएगा। ऐसे में अंतिम मतदाता सूची भी अब 6 मार्च की बजाए आगे जारी की जाएगी। मालूम हो कि आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने सबसे पहले रविवार को दावे-आपत्तियों व नोटिस पर सुनवाई का समय बढ़ेगा शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। अब सीईओ की ओर से इसे बढ़ाने का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेज दिया गया है।



### एईआरओ की संख्या में और बढ़ोतरी की जाएगी

नोटिस पाने वाले मतदाताओं को सुनवाई के लिए दूर न जाना पड़े इसके लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) की संख्या और बढ़ाई जाएगी। ऐसे जिले जहां पर नोटिस पर सुनवाई धीमी गति से चल रही है, वहां इनकी संख्या जरूरत के अनुसार बढ़ेगी। पहले करीब छह हजार एईआरओ तैनात किए गए थे अब और इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। जिससे मतदाताओं को दूर-दराज सुनवाई के लिए न बुलाया जाए और फटाफट सुनवाई हो सके। यही नहीं नोटिस पाने वाले मतदाताओं को अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को सुनवाई के लिए भेजने की सुविधा दी जा चुकी है।

### रोजगार और निवेश भी बढ़ेगा

# योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए 24 हजार एकड़ भूमि हुई अधिग्रहित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (बीडा) झांसी में तैयार हो रहा है. बीडा झांसी शहर के समीप स्थित रक्सा के आसपास 56,000 एकड़ क्षेत्रफल की टाउनशिप है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट बीडा यानी बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी झांसी में जल्द आकार लेने जा रही है। नोएडा की तर्ज पर विकसित हो रहे इस इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के लिए अभी तक 24,000 एकड़ से ज्यादा जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है और डगरवाहा के निकट इसका एक्टिवेशन एरिया लगभग 1250 एकड़ क्षेत्रफल में तैयार होने जा रहा है, जो बुंदेलखंड में बीडा रोजगार और निवेश का बड़ा माध्यम बनने की ओर अग्रसर है।

#### किसानों के लोन का ब्याज भरेगी यूपी सरकार




किसान क्रेडिट कार्ड को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा कि अन्नदाता किसान जब पहले किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन लेने जाता था, तो 25 दिन से लेकर एक महीने तक इंतजार करना पड़ता था। लेकिन अब वही किसान ई-केसीसी के माध्यम से मात्र पांच मिनट में लोन सुविधा पा रहा है। वर्ष 2026-27 के लिए जो हमारा कृषि लोन 3 लाख करोड़ है, यह पहले की तुलना में 13 फीसदी बढ़ा है। यही सुशासन है और इसी दिशा में हमें और मजबूती से आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सरकार और अन्नदाता किसान मिलकर सोच रहे हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग खेती में कैसे किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन भी बस 5 मिनट में**

#### मार्च से शुरू होंगे विकास के कार्य

बीडा की शुरुआत डगरवाहा के निकट एक्टिवेशन एरिया से होने वाली है। यहां लगभग 1250 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। इसमें हम सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निवेश लेकर आ रहे हैं। इसके साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, ग्रुप हाउसिंग और रेजिडेंशियल एरिया के लिए भी जमीन का आवंटन करेंगे। जल्द ही बीडा के रूप में एक इंडस्ट्रियल टाउनशिप आने वाली है। फरवरी के आखिर या मार्च से हम लोग विकास के कार्यों को शुरू कर देंगे। बीडा न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।

#### लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे

बीडा झांसी शहर के समीप स्थित रक्सा के आसपास 56,000 एकड़ क्षेत्रफल की टाउनशिप है। इसके लिए अभी तक लगभग 24,000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। जमीन अधिग्रहण का काम काफी तेज गति से चल रहा है। निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी इकाइयां इस क्षेत्र में निवेश की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं। वहीं इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप में मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ अन्य सेक्टर में बड़ी मात्रा में निवेश आएगा। इससे यहां बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र में समृद्धि आएगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए प्रस्तावित 115 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस वे बीडा को जोड़ते हुए आगे जाएगा। यह लिंक एक्सप्रेस वे बीडा से जुड़ने वाले आठ गांवों को जोड़ेगा। इन गांवों के लिए भी प्रशासन ने ड्रोन सर्वे आरंभ करा दिया है। यूपीडा की ओर से प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस वे के गुजरने का रास्ता पिछले सप्ताह ही तय हुआ है। यह लिंक एक्सप्रेस वे झांसी के गरौठा, टहरौली, मोंठ, झांसी प्रथम और द्वितीय तहसील के कुल 63 गांवों से होकर गुजरेगा।

### गुमशुदा की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त

# अगली सुनवाई में एसीएस गृह और डीजीपी को किया तलब




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में गुमशुदा की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैए पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर दोनों अफसर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा कि गुमशुदा की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है।

#### दो साल में 1 लाख 8 हजार 300 गुमशुदा लोगों की शिकायतें दर्ज

इससे पहले इसी 29 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर अपर मुख्य सचिव, गृह के पेश किए गए हलफनामे में कहा गया था कि 1 जनवरी 2024 से 18 जनवरी 2026 के बीच प्रदेश में करीब 1 लाख 8 हजार 300 गुमशुदा लोगों की शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से सिर्फ 9 हजार गुमशुदा लोगों की तलाश की कारवाई शुरू की गई। कोर्ट ने इसे अचंभित करने वाला करार देकर गुमशुदा लोगों की तलाश के इस मुद्दे को व्यापक जनहित वाला कहा। इसका सख्त संज्ञान लेकर अदालत ने इस मुद्दे पर ''इन-री मिसिंग पर्सन्स इन दि स्टेट'' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज किए जाने का निर्देश देकर इसे सुनवाई के लिए 5 फरवरी को समुचित खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. मोहम्मद वामिक पुत्रः मुजीबुर रहमान, पताः मकान नं. 575, नीरू पब्लिक स्कूल के पास, गौशाला फाटक, गाजीयाबाद, उत्तर प्रदेश** और **वर्त्तमान पताः मकान नं. ए–128, तीसरी मंजिल, अबुल फजल एन्क्लेव–II, शाहीन बाग, नई दिल्ली 2. नौमान पुत्रः जहीरूद्दीन वर्त्तमान पताः मकान नं. ए–128, तीसरी मंजिल, अबुल फजल एन्क्लेव–II, शाहीन बाग, नई दिल्ली** और **गाड़ीघाट, झूला पुल के पास, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड** ने case **FIR No. 01/2026 U/s 140(2)/61(2)/3(5) BNS, थानाः शाहीन बाग, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. मोहम्मद वामिक 2. नौमान** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. मोहम्मद वामिक 2. नौमान** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case case **FIR No. 01/2026 U/s 140(2)/61(2)/3(5) BNS, थानाः शाहीन बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. मोहम्मद वामिक 2. नौमान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.03.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवी बंसल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण पूर्व
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/1458/SE/2026 (Court Matter)

# नमाज पढ़कर लौट रहे सिपाही से हिस्ट्रीशीटर ने मांगी रंगदारी

एजेंसी ▶▶ इटावा

जिले में नमाज पढ़कर लौट रहे महोला जेल में तैनात एक सिपाही को हिस्ट्रीशीटर ने रंगदारी वसूलने के इरादे से रोक लिया। सिपाही ने जब रंगदारी देने से मना कर दिया तो आरोपी ने सिपाही के साथ मारपीट शुरू कर दी। कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। सिपाही जब जान बचाकर भागा तो उसे सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

#### मना करने पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मारपीट के दौरान सिपाही को गंभीर चोटें आईं। इसी बीच पीएसी के सिपाहियों ने स्थिति को भांपते हुए बीच-बचाव किया और घायल सिपाही को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।

## पेज एक का शेष

### धर्मेंद्र प्रधान के लेख...

उनकी बात सुनी और समझी जा रही है। उन्होंने कहा कि युवा दिमागों को डर से आजाद करना ही परीक्षा पे चर्चा की मूल भावना रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि जैसे ही पीपीसी 2026 की तैयारी की जा रही है, उन्होंने अपने विचार साझा किए हैं कि कैसे पीएम मोदी के व्यक्तिगत जुड़ाव ने परीक्षा पे चर्चा को एक जन आंदोलन में बदल दिया। उन्होंने इसे एनईपी 2020 की बाल-केंद्रित सोच, आज की चुनौतियों और छात्रों के लिए भरोसेमंद माहौल बनाने से जोड़ा।

### राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री..

वे सदन छोड़कर चले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज़ में यह भी कहा कि वे रोज़ाना आलोचनाएं सुनने के आदी हो चुके हैं और इससे उनके संकल्प पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर चलते हुए देश को आगे ले जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन ऐसे समय में आया है, जब संसद का बजट सत्र जारी है और सरकार अपने विकास एजेंडे को लेकर आक्रामक रुख में नजर आ रही है। कांग्रेस के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए पीएम ने कहा, हम विकसित भारत की जमीन को मजबूत कर रहे हैं, उसे ताकत डे रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस मोदी का कब्र खोदने का कार्यक्रम करवा रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, जो लोग मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हुए है वो "मोदी तेरी कब्र खुदेगी" के नारे लगा रहे हैं। ये कैसी मोहब्बत की दुकान है। उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं?

### मेरे निर्देश पर सदन ...

बचने के लिए मैंने ही प्रधानमंत्री मोदी को सदन में न आने देने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि जैसी घटना कल हुई है। वैसी कभी इतिहास में नहीं हुई है। हंगामा और शोर शराबा लोकसभा की मर्यादा के अनुकूल नहीं है। मेरा मानना है कि सदन या सभागृह की मर्यादा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अगर हम इसे समाप्त कर देंगे तो सदन की कार्रवाई को चलाना मेरे क्या किसी भी अध्यक्ष के लिए भी उचित नहीं होगा?

**2004 में नहीं बोल पाए थे मनमोहन सिंह :** गौरतलब है कि वर्ष 2004 में भी लोकसभा में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला था। जिसमें विपक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने नहीं दिया था।

**सपा ने उठाया अहिल्याबाई के अपमान का मुद्दा :** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसदों ने सदन में वाराणसी में तोड़ी गई अहिल्याबाई की प्रतिमा के मुद्दे को उठाया। पिछले कई दिनों से सपा सांसद इस मामले को उठा रहे हैं। जिसमें उन्होंने अहिल्याबाई का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाए। साथ ही कहा कि इलाके में किए जा रहे सरकार के सौंदर्यीकरण के दौरान यह मूर्ति टूटी है और इसके अलावा काशी विश्वनाथ मंदिर का घंटा भी चोरी हो गया है। जो अभी तक मिला नहीं है।

### तीन दिवसीय दौरे...

वामपंथी उग्रवाद को लेकर सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा स्थिति, चल रहे अभियानों और आगे की रणनीति पर मंथन होने की संभावना है। इसी दिन शाम 4:30 बजे वे ऑर्गेनाइजर की साप्ताहिक पत्रिका 'भारत प्रकाशन' द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉनक्लेव 'छत्तीसगढ़ <\@> 25 : शिफ्टिंग द लेंस' में शामिल होंगे, जहां राज्य के 25 वर्षों की यात्रा और भविष्य की दिशा पर चर्चा की जाएगी। दौरे के अंतिम दिन 9 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री जगदलपुर पहुंचेंगे, जहां वे बस्तर पंडूम महोत्सव–2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह समारोह सुबह 11:45 बजे आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री का यह दौरा राज्य में सुरक्षा, विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। प्रशासन ने उनके दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### हरियाणा-कनाडा के बीच...

नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार द्विपक्षीय सहयोग, शैक्षणिक आदान-प्रदान और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने वाले सभी विषयों को अपना पूरा समर्थन प्रदान करेगी। हरियाणा का विदेश सहयोग विभाग अंतरराष्ट्रीय संबंधों, नवाचार और विदेशी निवेश जैसे क्षेत्रों पर लगातार कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान हरियाणा में कनाडा विश्वविद्यालय के परिसर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी ने हरियाणा के औद्योगिक विकास, नवाचार और मानव संसाधन विकास से जुड़ी नीतियों की सराहना की। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अल्बर्टा के उन्नत कौशल विकास तंत्र और शिक्षा एवं रोजगार के संबंध में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा और उद्योग आधारित कार्यक्रमों में साझेदारी पर भी मंथन हुआ ताकि हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

### तनाव के बीच पकड़े...

नाविकों के संबंध में भारत ईरानी पक्ष के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। जिसके जरिए हम उनकी हर संभव सहायता करने की कोशिश करेंगे। भारत ने ईरानी पक्ष को मामले में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन भी दिया है।

**संपन्न हुई अमेरिकी सांसदों की यात्रा :** जायसवाल ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा संपन्न हुई है। जिसमें मुख्य रूप से माइक रोजर, एडम स्मिथ और जिम्मी प्रेट्रोनीस जैसे तीन सांसद शामिल थे। इनकी ये यात्रा दोनों देशों के बीच किए जाने वाले नियमित संवाद का हिस्सा थी। जिसमें अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। वार्ता के दौरान आपसी सहयोग जैसे व्यापार, यूक्रेन विवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की थी। बांग्लादेश में जल्द होने वाले आम चुनावों को लेकर रणधीर ने कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश में निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से समावेशी चुनाव कराए जाने के पक्ष में है।

### बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव होने का मामला

# झारखंड हाईकोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश




एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाई कोर्ट ने पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में बीमार बच्चों को दूषित खून चढ़ाए जाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है और राज्य पुलिस को इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने यह आदेश दीपक हेम्ब्रम नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ता हेम्ब्रम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उनकी सभी कोशिशों के बावजूद, चाईबासा के सदर पुलिस स्टेशन में इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

जिसके बाद याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने चाईबासा के सदर पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को एफआईआर दर्ज करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले, कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने बच्चों को खून चढ़ाने के दौरान तय मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने पर राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी, क्योंकि इसकी वजह से झारखंड में पांच बच्चों को एचआईवी संक्रमण हो गया था।

### विमानों और हेलिकॉप्टरों को अपग्रेड कराएगी प्रदेश सरकार

**चंडीगढ़।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान हादसे में निधन के बाद हरियाणा सरकार अलर्ट हो गई है। हरियाणा सरकार अपने विमान और हेलिकॉप्टरों के बेड़े को सुरक्षित और अपग्रेड करने की तैयारी कर रही है। हरियाणा के सिविल एविएशन डिपार्टमेंट ने अपने विमानों और हेलिकॉप्टरों के संचालन और रखरखाव के लिए नए और अपडेटेड तकनीकी मैनुअल तैयार करने के लिए एक टेंडर जारी किया है। इसके लिए सरकार ऐसी कंपनियों से संपर्क कर रही है जो भारत में एयर ऑपरेटरों को अपनी सेवाएं दे चुकी हों और जिनके पास नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से मैनुअल मंजूर कराने का पिछला अनुभव हो। सरकार ने कंपनियों से 9 फरवरी तक आवेदन मांगे हैं। अगले दिन टेंडर खोले जाएंगे।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 29 दिनांक 13.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुण्ड़ली जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**



नामः विजयलक्ष्मी ।
पति का नामः मुकन्दर ।
पताः वासी गाँव नेकरामपुर यु०पी० हाल गाँव अटेरना कुण्ड़ली जिला सोनीपत ।
उम्रः 23 वर्ष
कदः 5 फुट ।
हुलिया- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखें, लम्बी गर्दन, हष्ट-पुष्ट शरीर हैं।
पहनावा - पीले रंग का सूट-सलवार, लाल रंग की जर्सी, पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 11.01.2026 को विजयलक्ष्मी पत्नी मुकन्दर वासी गाँव नेकरामपुर यु०पी० हाल गाँव अटेरना कुण्ड़ली जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना - 7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9992178798**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4435/2026/42742/88/7 दि. 05.02.2026

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**शुद्धिपत्र**

**एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाएं परीक्षा–2025**

यह शुद्धिपत्र एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाओं के 102 पदों की भर्ती के लिए 30.01.2026 को आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं. 22/2026 की निरंतरता में है :-

1. हरियाणा सिविल सर्विसेज (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) नियमों–2008 के नियम 12 (3) के मद्देनजर, प्वाइंट नं. 6 (सी) (xi) पर आयु छूट की तालिका में निम्नलिखित प्रावधान जोड़ा गया है :-

| क्र. सं. | श्रेणियां जहां छूट देय है | आयु छूट के लिए वर्षों की सं. |
|---|---|---|
| (xi) | हरियाणा सरकार अथवा उच्च न्यायालय अथवा उनके अधीनस्थ कोई न्यायालय का कर्मचारी, जो 01.01.2026 को या इससे पूर्व किसी स्थाई अथवा कार्यवाहक (तदर्थ को छोड़कर) क्षमता में न्यूनतम 4 वर्ष से सेवा में हो, जो 3 अवसरों की सीमा के अधीन है। उन्हें आयोग को, उनके कार्यालय के मुखिया के माध्यम से अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट अवश्य जमा करवाना चाहिए। | **45 वर्ष** की आयु तक |

2. हरियाणा सरकार निर्देश दिनांक 14.01.2026 के मद्देनजर, प्वाइंट नं. 17 (xiv) (i) को निम्नानुसार पढ़ा जाएगा :-
*''हरियाणा के ईडब्ल्यूएस श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सं. 22/12/2019–1जीएस–III दिनांक 25.02.2019 / 14.01.2026 के तहत जारी हरियाणा सरकार निर्देशों (सीएस हरियाणा की वेबसाइट अर्थात http://csharyana.gov.in/ पर उपलब्ध) के अनुरूप आवश्यक सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य है।''*

अन्य नियम व शर्तें, यद्यपि उक्त विज्ञापन सं. 22/2026 (आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) में वर्णित अनुसार अपरिवर्तित रहेंगे। सं. 22/2026 के तहत पहले ही जारी किये गये विज्ञापन को उपरोक्त विस्तार तक संशोधित किया माना जाए।

अधिक जानकारी/अपडेट्स के लिये, उम्मीदवारों को नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

**दिनांक : 05.02.2026**
हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद–1156/13/376/2026/42745/88/7 दि. 05.02.26

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल



फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।

## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो'



चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *

अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक

बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।



**शारीरिक रंग-रूपः** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलरः** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता हैः** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजनः** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें





1 तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।

2 लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।

3 चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2.पान, 3. बकरी

## जीके क्विज-191



1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान

एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं, 'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद



श्रुति, भिवानी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# अब जेल वार्डनों को पुलिस के समान भत्ता, राशन खर्चा भी बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह किया

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** जेल अकादमी में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि अब वार्डन से हेड वार्डन बनने के लिए 20 वर्ष की बजाय 18 वर्ष का समय लगेगा, बशर्ते वार्डन का रिकॉर्ड अच्छा हो। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में पदक प्राप्त कर्मियों को सेवा विस्तार का लाभ पिछले दो दशकों से मिलता रहा है। अब करेक्शनल मेडल प्राप्त करने वाले जेल विभाग के कर्मियों को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया जाएगा।

## करनाल में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की घोषणा

### पुलिस और जेल कर्मियों का जोखिम लगभग समान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल वार्डनों और हेड वार्डनों को पुलिस विभाग के कांस्टेबलों के समान भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समय जेल वार्डनों को राशन भत्ता 600 रुपए प्रति माह मिलता है, जिसे आगामी वित्त वर्ष में बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति माह किया जाएगा। कन्वेंस भत्ता जो अभी 50 रुपए प्रति माह है, उसे 14 गुणा बढ़ाकर 720 रुपए प्रति माह किया जाएगा।



### वर्दी के लिए अब 3 नहीं साढ़े 7 हजार मिलेंगे

इसी तरह मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऐलान किय कि वर्दी भत्ता 3 हजार रुपए से बढ़ाकर साढ़े 7 हजार रुपये प्रति वर्ष किया जाएगा। इन सभी घोषणाओं से सरकार पर कुल 26 करोड़ 35 लाख रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जिसे सरकार सहर्ष स्वीकार करेगी।

### कैदियों के लिए शिक्षा, रोजगार और तकनीकी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने बताया कि कैदियों को शिक्षा देने के लिए जेलों के अंदर स्किल डेवलपमेंट कोर्स चलाए जा रहे हैं। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कैदी जेल से बाहर आने पर सम्मानजनक रोजगार पा सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। इसके तहत पांच जेलों में आईटीआई डिप्लोमा और पॉलीटेक्निक कोर्स शुरू किए गए हैं।

# फारूक नगर में जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत मैजिक बुक फेयर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



ब्लॉक फारूक नगर में पिछले तीन वर्षों से संचालित जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत मैजिक बुक फेयर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के 101 विद्यालयों में से 34 विद्यालयों में मैजिक बुक फेयर आयोजित किया गया। यह आयोजन एक सप्ताह तक चला, जिसका समापन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खेटांवास में किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर, विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल व हेडमास्टर, लाइफ स्किल्स टीचर्स, अन्य अध्यापकगण तथा ब्लॉक की स्कूल स्पोर्ट्स ऑफिसर सुनीता धतरवाल सहित चित्रांशु, शिवम व अरुध जी उपस्थित रहे। मैजिक बुक फेयर के दौरान विद्यार्थियों ने जीवन कौशल से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता, समुदाय के लोग एवं शिक्षकगण भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### कैंसर सुरक्षा का प्रभावी कवच जागरूकता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व कैंसर दिवस पर कहा है कि कैंसर से सुरक्षा का सबसे प्रभावी कवच जागरूकता, समय पर जांच और उपचार है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और इस गंभीर बीमारी तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया है।

### अफसर व कर्मचारी न छोड़ें जिला मुख्यालय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ होने वाला है। विधानसभा सचिवालय द्वारा सत्र के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश विधानसभा का सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ होगा। बजट सत्र 6 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा में प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसको देखते हुए एमपी में अधिकारियों-कर्मचारियों को हर हाल में मुख्यालय पर ही रहने के लिए सरकार सख्ती दिखा रही है। बिना मंजूरी के मुख्यालय छोड़ने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश हैं। प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए इस संबंध में एक और आदेश जारी किया गया है। इसमें खासतौर पर अधिकारियों के किसी भी हाल में मुख्यालय छोड़ने पर कड़ी पाबंदी लगाई गई है। प्रदेश भर के कलेक्टर ने अपने जिलों में इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। अपरिहार्य कारणों से मुख्यालय छोड़ने के लिए अधिकारियों को अपर कलेक्टर की अनुमति अनिवार्य किया गया है। लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## राजधानी आए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने ली संगठनात्मक बैठक

# केंद्रीय बजट और वीबी जी रामजी योजना का मंडल, विधानसभा स्तर तक हो प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

1 दिल्ली से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन प्रदेशाध्यक्ष हेमंत ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए

2 कांग्रेस के फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के दिए निर्देश

मध्यप्रदेश भाजपा संगठन में हाल ही में बड़े बदलाव के बाद संगठन के केंद्रीय नेतृत्व का फोकस प्रदेश में बढ़ गया है। इसी बीच बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भोपाल प्रवास पर आए हैं। भोपाल पहुंचे राष्ट्रीय संगठन महामंत्री की अगवानी भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने की। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की मौजूदगी में संगठनात्मक बैठक हुई।



बताया जा रहा है कि दिल्ली से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए। बीएल संतोष ने इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय बजट के प्रचार-प्रसार और वीबी जी रामजी योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मंडल और विधानसभा स्तर पर जाकर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने का काम किया जाए। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी राहुल कोठारी प्रदेश महामंत्री, सुरेन्द्र शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, श्याम महाजन प्रदेश कार्यालय मंत्री सहित अन्य मौजूद रहे।



### बीएल संतोष ने हितानंद शर्मा की माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने बुधवार को भोपाल के निजी अस्पताल पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



### केंद्रीय बजट पर बनी रंगोली की तारीफ की

*बैठक के पहले राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बनाई रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर रावत एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा एवं नंदिता पाठक उपस्थित रही।*

### कनाडाई प्रतिनिधिमंडल ने सीएम सैनी से की मुलाकात



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बुधवार देर सांय चंडीगढ़ स्थित उनके आवास 'संत कबीर कुटीर' पर कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

## राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में बोले सीएम

# प्रदेश में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण क्षमता 3.67 लाख करोड़

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा ने देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बदलते समय के साथ कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सामने कई नई चुनौतियां भी आई है, जिनमें गिरता भूजल स्तर, मिट्टी की सेहत में गिरावट, छोटी जोत आकार, जलवायु परिवर्तन और उत्पादन लागत में वृद्धि प्रमुख हैं।

इन चुनौतियों का समाधान परंपरागत तरीकों से नहीं, बल्कि नवाचार, तकनीक और संस्थागत वित्तीय सहयोग से ही संभव है। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड द्वारा तैयार किया गया वर्ष 2026-27 का स्टेट फोकस पेपर भी रिलीज किया, जिसमें हरियाणा की प्राथमिकता क्षेत्र ऋण क्षमता 3 लाख 67 हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनेक समितियां को बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित भी किया मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाए बिना ग्रामीण समृद्धि संभव नहीं है। इसलिए हमें 'कम भूमि में अधिक उत्पादन' और 'Per Drop-More Crop' के मंत्र को व्यवहार में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए बुनियादी ढांचा भी उतना ही आवश्यक है, जितना की ऋण की सुविधा। इसके साथ—साथ सिंचाई, भंडारण, वेयरहाउसिंग, ग्रामीण सड़कें, बिजली, डिजिटल कनेक्टिविटी, ये सभी विकास की नींव हैं। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में स्मार्ट एग्रीकल्चर जोन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए अलग से क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। किन्नू , अमरूद, स्ट्रॉबेरी, लीची आदि के क्लस्टर बनाए जा रहे हैं ताकि किसान परंपरागत खेती को छोड़कर नई आधुनिक खेती को अपनाए।



### नाबार्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत की

*नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी ने मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विस्तार से नाबार्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा हरियाणा में वर्ष 2026-27 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत 3.67 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का आकलन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए 1.32 लाख करोड़ रुपये तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभावनाएं निर्धारित की गई हैं।*

# भारत की जगह विदेशी साहित्य पर ही फिल्म बनना चिंता का विषय : सरदाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साहित्य समाज का मन है तो सिनेमा समाज का चेहरा। साहित्य शब्दों की विधा है तो सिनेमा दृश्य और ध्वनि की। हमारी बहुत सी साहित्यिक कृतियों पर बेहद खूबसूरत, सफल और कालजयी फिल्में बनी हैं। लेकिन यह अत्यंत दुखद है कि अब हमारे अधिकांश फिल्मकार भारतीय साहित्य पर फिल्म न बनाकर विदेशी साहित्य पर फिल्म बना रहे हैं। यही कारण है कि हमारी फिल्मों से भारतीयता दूर होती जा रही है। यदि ऐसे ही चलता रहा तो हमारा साहित्य भी विश्वपटल पर आने की जगह पुस्तकों में सिमट कर रह जाएगा।'' उपरोक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, कवि, विचारक और विख्यात फिल्म समीक्षक प्रदीप सरदाना ने 'साहित्य और सिनेमा-सामाजिक एवं सांस्कृतिक सन्दर्भ' में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। गुजरात और देश के प्रतिष्ठित 'सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर, आणंद द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आचार्य, कई साहित्यकार और फिल्म विद्वानों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के आचार्य एवं हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ दिलीप मेहरा इस अविस्मरणीय आयोजन के संयोजक थे। संगोष्ठी का उद्घाटन करने के पश्चात श्री सरदाना ने कहा-''जब से सिनेमा का जन्म हुआ तभी से उसका सम्बन्ध साहित्य से है। भारत की पहली मूक फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' जहाँ पोराणिक साहित्य पर थी।

# एसजीटीयू में मेधावी छात्रों को आज दी जाएगी लाखों की स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम





शिक्षा में नवाचार व अनुसंधान को नए आयाम तथा प्रतिभा को सम्मान देने वाली देश की प्रतिष्ठित श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) अपने मिशन में एक और अध्याय जोड़ने जा रही है। 6 फरवरी को एसजीटीयू में विशेष मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लाखों रुपये की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया जाएगा। चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी इस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दिग्गज एजुकेटर एवं करियर पर विशेष टिप्स से युवा वर्ग में खासी लोकप्रिय सौम्या सिंह कार्यक्रम में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में दिखाई देंगी।एसजीटीयू की ओर से बताया गया कि हरियाणा का डोमीसाइल रखने वाले मेधावी छात्रों को भी विशेष छात्रवृत्ति देने का प्रबंध किया गया है। उल्लेखनीय है कि एसजीटीयू छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर कला, संस्कृति, विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि से संबंधित कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर पर आयोजन करता रहा है जिनमें छात्र-छात्राओं की बढ़ चढ़कर भागीदारी रहती है। इसके अलावा एसजीटीयू ने विगत कुछ अर्से के दौरान अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन करके अपनी खास पहचान बनाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020, बदलते दौर में शिक्षण संस्थाओं से अपेक्षाएं, तेजी से बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का स्थान व भूमिका, नए कानूनों के आलोक में देश की कानून व्यवस्था, भारतीय संस्कृति की अंतरराष्ट्रीय पहचान, भारत के पड़ोसी देशों पर चीन का रणनीतिक प्रपंच, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार ,मालदीव से भारत के लिए बढ़ रही चुनौतियों व कई अन्य ज्वलंत विषयों पर सेमिनार, वेबिनार, वर्कशाप आदि का आयोजन एसजीटीयू परिसर में किया गया।

# भाजपा में आजीवन सहयोग निधि में सख्ती, 20 हजार से अधिक पर पैन कार्ड अनिवार्य

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी ने आजीवन सहयोग निधि अभियान में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब 20 हजार रुपये से अधिक की सहयोग राशि देने वाले दानदाताओं से पैन कार्ड लेना अनिवार्य होगा, जबकि 5 हजार रुपए से अधिक की राशि नकद स्वीकार नहीं की जाएगी। पांच हजार से ऊपर की राशि केवल चेक या बैंकिंग माध्यमों से ही ली जाएगी। प्रदेश भाजपा का यह आजीवन सहयोग निधि अभियान 11 फरवरी से शुरू होकर करीब दो महीने तक चलेगा। अभियान को पूरी तरह टारगेट आधारित बनाया गया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले को अलग-अलग राशि जुटाने का लक्ष्य दिया जाएगा, जिसे जिले के संगठनात्मक ढांचे, गतिविधियों और सालाना खर्च के अनुमान के आधार पर तय किया जाएगा। जिन जिलों में संगठन बड़ा और गतिविधियां अधिक हैं, वहां लक्ष्य भी उसी अनुपात में ज्यादा रखा जाएगा। अभियान के संचालन के लिए जिलों में जिला प्रभारी और जिला सह-प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। राज्य स्तर पर भी प्रभारी और सह-प्रभारी बनाए गए हैं। प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी पूर्व विधायक गोपी कृष्ण नेमा को सौंपी गई है, जबकि पूर्व सांसद आलोक संजर और सतना के महापौर योगेश ताम्रकार को सह-प्रभारी बनाया गया है।


## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत SSE/P.Way/SNP के अधिकार क्षेत्र रेल कोच फैक्ट्री बरही में ट्रैक कार्य के लिए वार्षिक जोन। |
| अनुमानित लागत | रु.69,95,398.30/– |
| धरोहर राशि | रु. 4,23,100/– (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः– एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 27.02.2026 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 27.02.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| इस कार्य के लिए समान प्रकार के कार्य है | किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। |

पत्र संख्याः–128–डब्लू/280/निविदा सूचना/25–26/डब्लू–I (NIT-44-25-26)
दिनांक :– 04 02 2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 409/26

## होली विशेष रेलगाड़ी–2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा आगामी होली त्यौहार के दौरान निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जायेगी :–

**08751/08752 दुर्ग - हजरत निजामुद्दीन - दुर्ग होली विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08751 आगमन | रेलगाड़ी सं. 08751 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08752 आगमन | रेलगाड़ी सं. 08752 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:45 | दुर्ग | 18:20 | -- |
| 11:20 | 11:25 | रायपुर जं. | 16:50 | 16:55 |
| 13:20 | 13:30 | उस्लापुर | 14:10 | 14:20 |
| 14:55 | 14:57 | पेन्ड्रा रोड | 11:45 | 11:47 |
| 15:40 | 15:45 | अनूपपुर जं. | 10:55 | 11:00 |
| 16:20 | 16:22 | शहडोल | 10:05 | 10:07 |
| 17:14 | 17:16 | उमरिया | 09:00 | 09:02 |
| 19:30 | 19:40 | कटनी मुड़वारा | 07:05 | 07:10 |
| 20:48 | 20:50 | दमोह | 04:58 | 05:00 |
| 21:50 | 21:55 | सागर | 03:35 | 03:40 |
| 03:35 | 03:45 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी ज. | 21:25 | 21:30 |
| 07:55 | 08:00 | आगरा कैंट | 15:10 | 15:15 |
| 08:55 | 09:00 | मथुरा जं. | 14:05 | 14:10 |
| 11:10 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 12:30 |

चलने के दिन 08751 दुर्ग से 01.03.2026 एवं 02.03.2026 (रविवार एवं सोमवार) को और 08752 हजरत निजामुद्दीन से 02.03.2026 एवं 03.03.2026 (सोमवार एवं मंगलवार) को।

स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

404/26

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# किताबों को सियासी अखाड़ा नहीं बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाएं

लोकतंत्र में किताबें विचारों का माध्यम होती हैं, लेकिन जब वही किताबें राजनीति का अखाड़ा बन जाएं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। हाल के दिनों में तीसरे पक्ष या पूर्व अधिकारियों द्वारा लिखा गइ किताबों को लेकर संसद से लेकर सड़कों और सोशल मीडिया तक जिस तरह का शोर मचा है, उसने लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विचारों पर बहस के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और बदनाम करने की राजनीति हावी होती दिख रही है। तीसरे पक्ष द्वारा लिखी गई किताबें किसी सरकार या संस्था का आधिकारिक दस्तावेज नहीं होतीं। वे लेखक की सोच, उसके अनुभव और उसक समय की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। ऐसे में काल, समय और संदर्भ को समझे बिना वर्षों पुराने प्रसंगों को वर्तमान राजनीति से जोड़ना न तो सत्ता पक्ष की समझदारी है और न ही विपक्ष की जिम्मेदारी। दुर्भाग्य यह है कि दोनों ही पक्ष इन किताबों को अपने-अपने राजनीतिक हितों के हिसाब से इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं। संसद में किताबों को लेकर हुए हालिया विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों और अधूरी जानकारियों की बाढ़ सी आ गई है। बिना पूरी किताब पढ़े, बिना तथ्यों की पुष्टि किए, चुनिंदा पंक्तियों को आधार बनाकर माहौल बनाया गया। यह प्रवृत्ति न केवल जनता को भ्रमित करती है, बल्कि संसद जैसे सर्वोच्च मंच की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। जहां जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए, वहां नेता एक-दूसरे की नीयत पर सवाल उठाने में उलझे नजर आते हैं। पूर्व अधिकारियों, विशेषकर सेवानिवृत्त सैन्य प्रमुखों द्वारा लिखी गई किताबें स्वाभाविक रूप से संवेदनशील होती हैं। हाल ही में जनरल एम. एम. नरवणे की किताब को लेकर उठा विवाद इसका स्पष्ट उदाहरण है। ऐसी किताबें सत्ता पक्ष को असहज कर सकती हैं, क्योंकि वे नीतियों, निर्णयों और दावों पर सवाल उठाती हैं, लेकिन असहज सवालों से बचने के लिए हंगामा खड़ा करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी लेखक को अपने अनुभव और विचार साझा करने का अधिकार है। जब ऐसी किताबों को लेकर सेंसरशिप की मांग उठती है या सदन में शोर-शराबा किया जाता है, तो यह संकेत देता है कि विचारों से टकराने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की जा रही है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक है। किताबों पर होने वाली राजनीति अक्सर दोहरे चरित्र को उजागर करती है। सत्ता पक्ष इन्हें गैर-जिम्मेदार या भ्रामक बताकर खारिज करने में जुट जाता है, जबकि विपक्ष इन्हीं किताबों को सरकार को घेरने का औजार बना लेता है। दोनों ही स्थितियों में सच्चाई, तथ्य और संतुलन कहीं पीछे छूट जाते हैं। कई बार इन विवादों का असली उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक या चुनावी लाभ होता है। इस राजनीतिक शोर का सबसे बड़ा नुकसान संसद को होता है। संसद का समय देश की सबसे कीमती पूंजी है। जब यह समय किताबों के बहाने हंगामे में जाया होता है, तो आमजन के मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हाशिये पर चले जाते हैं। कुल मिलाकर किताबें समाज को सोचने, समझने और सवाल करने का अवसर देती हैं। उन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनाने के बजाय बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाया जाना चाहिए। जब तक विचारों से डरकर शोर मचाया जाता रहेगा, तब तक संसद की गरिमा और लोकतंत्र दोनों कमजोर होते रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि राजनीति विचारों से लड़ें, किताबों से नहीं।

# छत्तीसगढ़ में अब राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की जरूरत



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

साल 2026-27 के आम बजट में केंद्र सरकार द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास और लोकव्यापीकरण के लिए कई अभूतपूर्व घोषणाएं की गई है। आयुर्वेद से जुड़े नीति नियंताओं और जानकारों के मुताबिक इन घोषणाओं के धरातली क्रियान्वयन के बाद इस पद्धति को काफी प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। बजट घोषणाओं पर गौर करें तो इसमें देश में तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान 'एआईआईए' की स्थापना, आयुष फार्मेसी और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं 'डीटीएल' को अत्याधुनिक करने जैसी घोषणाएं शामिल हैं। इसी तरह देश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पांच रीजनल मेडिकल हब तैयार किए जाएंगे। प्रस्तावित मेडिकल हब में आयुर्वेद, योग, डायग्नोस्टिक और रिकवरी सेवाएं एक साथ मिलेगी जिसका लाभ निरोगी और रोगी दोनों तरह के लोग ले सकेंगे। बजट में गुजरात के जामनगर स्थित डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र को भी सशक्त बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बिलाशक यह बजट भारत के सदियों पुरानी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' को नयी दशा और दिशा देने में पूरी तरह से सार्थक साबित होगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की प्रमुख पहचान वनौषधियों से परिपूर्ण जंगल हैं जहां औषधीय महत्व वाले लगभग 1525 तरह के वनस्पतियों की उपलब्धता के साथ ही समृद्ध जैव विविधता भी है। राज्य का 44 फीसदी हिस्सा वनों से आच्छादित है जिसमें औषधीय गुणों वाले जड़ी-बूटियों की असाधारण विविधता है। इन्हीं खूबियों के चलते छत्तीसगढ़ को स्थापना काल से ही 'हर्बल स्टेट' की संज्ञा दी गई है। उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर 2000 को भारत के राजनीतिक मानचित्र पर तीन राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड का अस्तित्व सामने आया। छत्तीसगढ़ अपने राजनीतिक स्थिरता के साथ जीरो कट बिजली आपूर्ति और खनिज संसाधनों के चलते अपने साथ निर्मित दो अन्य राज्यों को काफी पीछे छोड़ते हुए देश के शीर्षस्थ राज्यों में शुमार हो चुका है। मध्य भारत में छत्तीसगढ़ की एक पहचान 'एजुकेशन हब' के साथ ही 'मेडिकल हब' के तौर पर भी है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित अनेक सरकारी और निजी संस्थान स्थापित हैं। राज्य में मेडिकल, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, उच्च शिक्षा, कानून के केंद्रीय संस्थान संचालित हैं।

प्रदेश में मेडिकल से संबंधित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान 'एम्स', भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ' एनआईटी', अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान 'ट्रिपल आईटी ', भारतीय प्रबंधन संस्थान 'आईआईएम', हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी 'एचएनएलयू' और गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित हैं। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी 'एनआईईएलआईटी' और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन 'एनआईएफडी' की स्थापना को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार ने राजधानी रायपुर में केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान 'सीआरआईवायएन' के स्थापना को भी मंजूरी दिया है। प्रदेश में आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के अकादमिक विकास के साथ ही अनुसंधान की काफी संभावनाएं हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत अब छत्तीसगढ़ राज्य में एक राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता है ताकि यह राज्य अपनी पहचान को सार्थक कर सकें।वर्तमान में राज्य में सरकारी क्षेत्र के 2 तथा निजी क्षेत्र के 6 आयुर्वेद कॉलेज संचालित हैं। राज्य स्थापना के पच्चीस सालों पर गौर करें तो प्रदेश में आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में आशातीत विकास हुआ है लेकिन केंद्रीय आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता अब बलवती हुई है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजिन की सरकार है जिसके चलते राज्य को केंद्र सरकार से लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है।

केंद्र सरकार की प्राथमिकता में छत्तीसगढ़ शीर्ष पायदान पर है लिहाजा जन अपेक्षा है कि नवीन बजट में घोषित तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में से एक इस राज्य में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ में 'एआईआईए' के स्थापना की आवश्यकता के मूल में यहां विशेष प्रजातियों के वनौषधियों की प्रचुरता के साथ ही परंपरागत वैद्यों की अच्छी खासी मौजूदगी है। यह सीधे तौर पर राज्य के लिए प्राकृतिक के साथ ही बौद्धिक संपदा भी है। राज्य के वनों में मुख्य रूप से आंवला, हर्रा, बहेड़ा, नीम, अपामार्ग, चिरायता, गिलोय, अर्जुन, अश्वगंधा, शतावरी , पुनर्नवा, भुंई आंवला, कलिहारी, बेल, अडूसा, बीजा प्रजाति के औषधि वनस्पतियां उपलब्ध हैं। वनस्पति विज्ञानियों की मानें तो छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य और चिकित्सा के दृष्टिगत कई दुर्लभ और औषधीय पौधों की प्रजातियां हैं जो विलुप्त होने के कगार पर है। इन वनस्पतियों में प्रमुख जनजातिय बहुल बस्तर में पाए जाने वाले ट्री-फर्न, सफेद मूसली, पसरा, बीजा, शीशम और दहीमन हैं जिनका संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। राज्य के जनजातीय समुदाय के परंपरागत वैद्यों के पास पीढ़ी दर पीढ़ी मधुमेह, उच्च रक्तचाप,




गठिया और एनीमिया रोग के उपचार के नुस्खे उपलब्ध हैं जिनका वैज्ञानिक मानकीकरण करने तथा इस पर अनुसंधान की आवश्यकता है। दुर्गम जंगलों में निवासरत इन जनजातीय वैद्यों को जड़ी - बूटियों की अच्छी- खासी पहचान और चिकित्सकीय महत्व के बारे में जानकारी है। छत्तीसगढ़ में यदि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना होती है तो परंपरागत वैद्यों के पास उपलब्ध नुस्खों पर अनुसंधान और इसके वैज्ञानिक मानकीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य के अनुकूल जलवायु और उर्वरा मिट्टी के दृष्टिगत राज्य वनौषधियों की खेती, व्यापार व निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि केरल राज्य के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत आयुर्वेदिक पर्यटन है जहां देश और विदेश के लोग इस उद्देश्य से पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़ में भी आयुर्वेदिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि बस्तर से लेकर सरगुजा का क्षेत्र इसके अनुकूल हैं। राज्य में उपलब्ध वनौषधियों की प्रचुरता, निर्बाध बिजली और मानव संसाधन की उपलब्धता के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद दवा उद्योग की बेहतर संभावनाएं हैं। राज्य में राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के आवश्यक सभी प्रकार के अधोसंरचना, भूमि की उपलब्धता,परिवहन संपर्क और संसाधन मौजूद हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की प्रबल दावेदारी है। उल्लेखनीय है कि इस संस्थान से जहां आयुर्वेद के अकादमिक विकास और चिकित्सा अनुसंधान को पंख लगेगा वहीं इससे रोजगार और व्यापार के नये अवसर भी पैदा होंगे। इस संस्थान के स्थापना से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगा वहीं आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के समन्वित शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तथा जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा का लाभ भी मिलेगा।इसके अलावा यह संस्थान आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं तथा पैरा मेडिकल्स के कौशल उन्नयन तथा तकनीकी नवाचार के दिशा में भी काफी सहायक होगा।

गौरतलब है कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान ही भारत सहित दुनिया में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लोगों का रूझान काफी बढ़ा है। आयुर्वेद एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है जिसमें विभिन्न ऋतुओं में व्यक्ति को सेहतमंद रखने के लिए दिनचर्या, खान-पान और परहेज का उल्लेख है। वर्तमान परिदृश्य में जब भारत सहित दुनिया की एक बड़ी आबादी मोटापा , मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग और कैंसर जैसे जीवनशैली गत रोगों के चुनौतियों से जूझ रहा है तब आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में इन बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के पर्याप्त उपाय मौजूद हैं। नित नई- नई महामारियां भी जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों से बचाव और रोगी के संक्रमण मुक्त होने में मुख्य भूमिका व्यक्ति के रोग-प्रतिरोधक क्षमता की होती है। आयुर्वेद पद्धति में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बरकरार रखने तथा विकसित करने के तमाम उपाय निहित हैं। विचारणीय है कि छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में भी एक बड़ी जनसंख्या संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों से ग्रस्त है जिसका नकारात्मक असर राज्य के आर्थिक विकास में पड़ना लाजिमी है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में अब राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता है ताकि "युवा छत्तीसगढ़" सेहतमंद और ऊर्जावान बना रहे। किसी भी देश और प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में स्वास्थ्य की मुख्य भूमिका होती है। बिलाशक इस उद्देश्य की पूर्ति में 'अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान' की भूमिका अहम हो सकती है लिहाजा राज्य सरकार से अपेक्षा है कि वह इस दिशा में प्रभावी पहल करेगी।


# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
**दर्शन**

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।


## पुण्यतिथि पर विशेष



हर्षवर्धन पान्डे

# लता मंगेशकर : मेरी आवाज़ ही पहचान है, गर याद रहे..

लता मंगेशकर की मखमली और जादुई आवाज की दुनिया दीवानी थी। उनकी आवाज़ दिल को छूती नहीं, बल्कि दिल में बस जाती थी। हर दिल अजीज लता मंगेशकर ने अपनी आवाज से हिंदी सिनेमा की गायकी में ऐसे चार चांद लगाए कि हर कोई उनका मुरीद हुए बिना नहीं रह पाया। सही मायनों में हिंदी सिनेमा की गायकी की दुनिया को लता ने अपने मधुर स्वर से नई दिशा देने का काम किया। लता की वो आवाज हर किसी के दिल के तारों को आज भी झंकृत कर देती है। हिंदी सिनेमा के 100 बरस से अधिक के सफ़र में लता की गायकी सिल्वर स्क्रीन पर चार चांद लगा देती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। लता पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। लता मंगेशकर के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल सिंगर और थिएटर आर्टिस्ट थे। लता की तीन बहनें मीना, आशा, उषा और एक भाई हृदयनाथ मंगेशकर थे। पांच साल की उम्र में ही लता ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और थिएटर में एक्टिंग किया करती थी। जब वो स्कूल गयी तो वहां के बच्चों को संगीत सिखाने लगी लेकिन जब लता को अपनी बहन 'आशा' को स्कूल लाने से मना किया गया तो उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। इसकी दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली, बॉलीवुड में नूरजहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर शशिधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को 'पतली आवाज' कहकर अपनी फिल्म 'शहीद' में गाने से मना कर दिया था, फिर म्यूजिक डायरेक्टर गुलाम हैदर ने लता को फिल्म 'मजबूर' में 'दिल मेरा तोड़ा, कहीं का ना छोड़ा' गीत गाने को कहा जो काफी सराहा गया । लता मंगेशकर के पिता नहीं चाहते थे कि वो फ़िल्मों के लिए गाने गाये, लेकिन लता मंगेशकर बचपन से ही गायिका बनना चाहती थीं। साल 1942 में उनके पिता इस दुनिया को छोड़ गए और लता मंगेशकर के कंधों पर परिवार को संभालने की सारी ज़िम्मेदारी आ गई । इसी वज़ह से लता ने 1942 से लेकर 1948 तक करीब 8 हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। 1948 में म्यूज़िक कंपोज़र गुलाम हैदर ने लता को बड़ा ब्रेक दिया, जिसके बाद उनका संघर्ष का दौर खत्म हुआ और फिल्मी दुनिया में ऐसा सिक्का चला कि लोग उनकी आवाज के दीवाने हो गए। चंद महीनों में ही लता के प्रति लोगों का नजरिया बदला और उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली और फिर इसके बाद उन्हें मुड़कर पीछे नहीं देखना पड़ा। लता मंगेशकर ने फिल्म इंडस्ट्री के सभी दिग्गज म्यूज़िक डायरेक्टर्स और सिंगर्स के साथ काम किया। उन्होंने 1000 से भी ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 से भी ज्यादा भाषाओं में गाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साल 1977 में आई फिल्म 'किनारा' में लता मंगेशकर ने 'नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे' गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए। फिल्म 'मधुमति' के गाने 'आजा रे परदेसी' के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला। लता मंगेशकर को साल 2001 में 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया था। लता दीदी को इसके पहले पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण(1999) और दादा साहब फाल्के अवार्ड (1989) पुरस्कार से भी नवाजा गया । सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने ताउम्र शादी नहीं की। इसकी वजह बताते हुए वो कहती थी कि पिता की मौत के बाद घर के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी उन पर थी। ऐसे में कई बार शादी का ख्याल आता भी तो उस पर अमल नहीं कर सकती थी। मध्यप्रदेश सरकार ने 1984 में लता मंगेशकर के नाम पर एक पुरस्कार शुरू किया। इस पुरस्कार के लिए चयनित कलाकारों को दो-दो लाख की राशि, सम्मान पट्टिका, शाल-श्रीफल से अलंकृत किया जाता है। 6 फरवरी 2022 को 92 वर्ष की आयु में लता का निधन हो गया। आज भले ही वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज का जादू लम्बे समय तक भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में रंग भरता रहेगा।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उत्तरायणी कौथिक उत्सव



देहरादून में गुरुवार को उत्तरायणी कौथिक उत्सव के दौरान कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

## आज की पाती


### पाक का संशोधन लोकतंत्र के लिए काला अध्याय

संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं, जो समय के साथ बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए ढांचे को लचीला बनाते हैं। लेकिन जब ये संशोधन सत्ता के संतुलन को बिगाड़ने का हथियार बन जाते हैं, तो वे लोकतंत्र को ही खोखला करने लगते हैं। पाकिस्तान की संसद द्वारा नवंबर 2025 में पारित 27वां संवैधानिक संशोधन ठीक ऐसा ही एक उदाहरण है। यह संशोधन सतह पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता प्रतीत होता है, किंतु वास्तव में कार्यपालिका और सेना के हाथों में न्यायपालिका को बंधक बनाने का प्रयास है। इसने न केवल पाकिस्तानी संस्थानों के बीच शक्ति संतुलन को उलट दिया है, बल्कि विधि के शासन को गंभीर खतरे में डाल दिया है। **- मनीष शर्मा**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# अमेरिकी महाद्वीप में खसरे को लेकर चेतावनी जारी


'पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन' (पीएएचओ) ने अमेरिकी महाद्वीप में खसरे के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर एक नई महामारी संबंधी चेतावनी जारी की है। मेक्सिको में खसरे के काफी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पीएएचओ की ओर से जारी चेतावनी में तत्काल टीकाकरण अभियान चलाने का भी आह्वान किया गया है साथ ही कहा गया है कि हाल में सामने आए मामले में 78 प्रतिशत मामले ऐसे लोगों में हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। बुधवार को यह चेतावनी ऐसे वक्त में जारी की गई है जब नवंबर में कनाडा का खसरा-मुक्त दर्जा समाप्त हो गया है। यह एक ऐसा झटका है जिसकी पुनरावृत्ति जल्द ही अमेरिका और मेक्सिको में भी हो सकती है। इस वर्ष के पहले तीन हफ्तों में पीएएचओ ने सात देशों में खसरे के 1,031 नए मामलों की पुष्टि की है – जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में चौंका देने वाली 43 गुना वृद्धि है। हालांकि अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है, लेकिन संक्रमण का प्रसार अब भी अधिक है। मेक्सिको में सबसे अधिक 740 मामले हैं, उसके बाद अमेरिका में 171 और कनाडा में 67 मामले हैं। अमेरिका में अब सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी ध्यान दक्षिण कैरोलिना की ओर केंद्रित किया गया है, जहां खसरे के मामलों में वृद्धि हो रही है।



## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया सबमे इसका असर अलग

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? –एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।



## ट्रेंड

### 'भारत टैक्सी' से मुनाफा



सहकारिता से बहुत सारे लोग मिलकर छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। चालक बहन-भाई 'भारत टैक्सी' से न सिर्फ अधिक मुनाफा कमा पाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### देश का सामरिक विकास



प्रजातंत्र के बारे में बोलने वाले विपक्षी दल संसद में प्रजातंत्र का गला घोंटते हैं, ये सारा देश देख रहा है। विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सामरिक विकास रास नहीं आ रहा है।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**


### टैरिफ का आकलन



भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की खबर कितनी देश व जनहित में है, इस बारे में समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इस पर जमीनी अमल होने के बाद ही पता चलेगा कि इससे आमजन का क्या भला होगा।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### विरोध करने का निर्णय



मोदी सरकार ने ठान लिया है कि दोनों विपक्षी नेताओं को बात करने नहीं देना है। सारी विपक्ष की पार्टियों के नेताओं ने यह तय किया कि अगर वे हमें बात करने नहीं देंगे, तो हमें वाक आउट करना चाहिए और विरोध करना चाहिए।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कार्यक्रम**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

शाह ने लॉन्च किया 'भारत टैक्सी'

# अब जीरो कमीशन, नो सर्ज प्राइसिंग, ड्राइवर बनेंगे मालिक

## सहकारी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और देश में समावेशी परिवहन सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कैब सर्विस सेक्टर में गुरुवार को एक नया चैप्टर जुड़ गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत का पहला सहकारी मॉडल आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी लॉन्च कर दिया। यह सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और देश में समावेशी व नागरिक-केंद्रित परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस नए प्लेटफॉर्म के साथ डिजिटल मोबिलिटी सेक्टर में बड़े बदलाव की तैयारी है।

**भारत के कैब सेक्टर में नया अध्याय जुड़ा**


नई दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में 'भारत टैक्सी' के शुभारंभ के दौरान यह जानकारी दी।

**चालक भाई-बहन मुनाफा कमाएंगे और विशेष सपोर्ट**

शाह ने कहा कि सहकारिता से बहुत लोग छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। आज का दिन टैक्सी चालक बहनों-भाइयों के लिए बहुत ही अहम है। उनके द्वारा शुरू की गई सहकारी क्षेत्र की पहली टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' का नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ।

### भारत टैक्सी एप के प्रमुख फीचर्स

- इस ऐप में ग्राहकों को किसी तरह की सर्ज प्राइसिंग नहीं देनी होगी। पीक आवर्स में भी किराया फिक्स रहेगा।
- राइड ऑप्शन के तौरपर कैब, ऑटो और बाइक टैक्सी और इंटरसिटी ट्रैवल सपोर्ट मिलेगा।
- कम किराया और पूरी पारदर्शिता के साथ ड्राइवर्स की पुलिस वेरिफिकेशन होगी। लाइव ट्रैकिंग, कॉन्टैक्ट के साथ राइड शेयरिंग और अलग-अलग भाषाओं में 24/7 सपोर्ट।

### प्राइवेट कंपनियों पर निर्भरता नहीं होगी

'भारत टैक्सी एक कोऑपरेटिव आधारित डिजिटल टैक्सी एप है। इसका मकसद कमर्शियल वाहन चालकों को ओला, उबर और रैपिडो जैसी प्राइवेट कंपनियों पर निर्भरता से मुक्त करना है। भारत टैक्सी के ड्राइवरों को 'सारथी' कहा जाएगा। दिल्ली में टेस्टिंग पूरी हो गई है जबकि गुजरात के राजकोट में अभी ट्रायल चल रहा है। पेमेंट और पारिश्रमिक प्रणाली में ड्राइवरों को बेहतर वित्तीय प्रोत्साहन मिल सकेगा।

### टैक्सी खरीदने के लिए ड्राइवरों को मिलेगा लोन

भविष्य में वह ड्राइवरों को अपनी खुद की टैक्सी खरीदने के लिए सरकारी लोन उपलब्ध कराएगी। सेवा का मानना है कि इससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे। यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा के लिए भारत टैक्सी ने दिल्ली पुलिस और गुजरात पुलिस के साथ साझेदारी की है। इस ऐप में रीयल-टाइम ट्रैकिंग, सत्यापित ड्राइवर, बहुभाषी सुविधा और सारे दिन 24 घंटे कस्टमर केयर जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा, इसे मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की भी योजना है।

### एप के फायदे

1. अलग-अलग तरह की ट्रैवल की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत टैक्सी सर्विस -हर तरह की कैब सर्विसेज ऑफर करती है। यह कैब सर्विस व्यक्तिगत, परिवारों और बिजनेस ट्रैवलर्स के लिए पर्फेक्ट है।
2. भारत टैक्सी सर्विस के सबसे अहम फीचर्स में से एक है- ड्राइवर्स के लिए ज़ीरो कमीशन। ड्राइवर अपनी पूरी कमाई अपने पास रखते हैं और प्लेटफ़ॉर्म को कोई कमीशन नहीं देना पड़ता। इससे उनकी इनकम बढ़ती है, आर्थिक दबाव कम होता है। वे यात्रियों को बेहतर व भरोसेमंद सर्विसेज देने के लिए प्रेरित होते हैं।
3. भारत टैक्सी सर्विस इंस्टेंट बुकिंग सपोर्ट करता है। यूजर्स प्लेटफॉर्म के जरिए फटाफट कैब बुक कर सकते हैं। यह प्रक्रिया काफी सिंपल और समय बचाने वाली है और इससे इमरजेंसी या लास्ट-मिनट ट्रैवल प्लान के दौरान यात्रियों को सुविधा होती है।

## खबर संक्षेप

### अलंकार ने राजनीति में उतरने का दिया संकेत

**बरेली।** यहां के सिटी मजिस्ट्रेट रहे निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि



यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ जनप्रतिनिधि आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लोकतंत्र विफल होता दिख रहा है। इस वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। वेअपने लोगों से लड़ने नहीं आए हैं। अग्निहोत्री ने भाजपा को ईस्ट इंडिया कंपनी कहा।

### ठाकुर पर लगा आजीवन प्रतिबंध कोर्ट ने हटाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग सिंह ठाकुर पर बीसीसीआई के मामलों में हिस्सा लेने पर लगा बैन



हटा दिया है। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। सीजेआई की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है। जिंदगी भर बैन की जरूरत थी।

### साणंद में छापा, 81 रसूखदार हिरासत में

**साणंद।** गुजरात के साणंद जिले में पुलिस ने अहमदाबाद के पास एक प्राइवेट वीकेंड होम पर छापा मारा



और शराबबंदी कानूनों का उल्लंघन करते हुए शराब और हुक्का पार्टी करने के आरोप में 81 लोगों को हिरासत में लिया है। बुधवार रात को गोरस सीम इलाके के पास निर्वाण ग्रीन्स वीकेंड होम में यह छापा मारा गया। यह पार्टी 'एवी' नाम के व्यक्ति ने की थी।

### 9 से बेंगलुरु मेट्रो का किराया बढ़ेगा

**बेंगलुरु।** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेडने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर किराए में पांच प्रतिशत की



बढ़ोतरी की घोषणा की। नई दरें 9 फरवरी से लागू होंगी। जनसंपर्क अधिकारी बीएल यशवंत चौहान ने बताया कि हर साल एक फॉर्मूले के तहत प्रतिशत के आधार पर गणना की जाती है। इसमें अधिकतम 5 प्रतिशत और न्यूनतम 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है।

### पीएम 13 को भाजपा पार्षदों को देंगे पार्टी

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले भाजपा तिरुवनंतपुरम नगर निगम पर



ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएगी। तिरुवनंतपुरम में पहली बार भाजपा को जीत मिली है, जिसने 4दशकों से ज्यादा तक चले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के निर्बाध शासन को भी खत्म किया है। प्रधानमंत्री 13 फरवरी को अपने आवास पर पार्षदों के लिए डिनर रखा है।

## राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे का बार-बार हस्तक्षेप

# सरकार पर तीखे सवाल, कार्यवाही में कई बार व्यवधान, फिर विपक्ष का बहिर्गमन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर तीखे सवाल उठाए और कई बार हस्तक्षेप करते हुए अपनी आपत्तियां दर्ज कराई। उनके लगातार बोलने और बीच-बीच में टोका-टोकी के कारण सदन की कार्यवाही में कई बार व्यवधान भी देखने को मिला। राज्यसभा कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं बोलने दिए जाने का मामला उठाते हुए कहा कि संसद राज्यसभा और लोकसभा दोनों खंभों पर खड़ा सर्वोच्च सदन है। दोनों की कार्यवाही में कुछ मर्यादाओं का हनन हो रहा हो तो संसदीय मूल्यों की रक्षा के लिए दूसरे सदन में विषय उठाने से रोका नहीं जाना चाहिए। हालांकि आसंदी से व्यवस्था का मामला बताते हुए उन्हें लोकसभा का मामला राज्यसभा में उठाने की अनुमति सभापति सीपी राधाकृष्णन ने नहीं दी।



राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पीएम मोदी के जवाब की शुरुआत से ही खरगे ने सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में जमीनी सच्चाइयों की झलक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बेरोज़गारी, महंगाई, किसानों की आय और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों से ध्यान भटका रही है। खरगे ने कहा कि देश में युवाओं को रोज़गार नहीं मिल रहा, लेकिन सरकार सिर्फ उपलब्धियों का प्रचार कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान भी खरगे ने कई बार बीच में बोलते हुए आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज़ दबाने का प्रयास कर रही है और संसद को केवल एकतरफा मंच बना दिया गया है।

खरगे ने सवाल उठाया कि यदि सब कुछ ठीक है, तो किसान आंदोलन, मणिपुर की स्थिति और दलित-आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार क्यों सामने आ रहे हैं?

खरगे ने विदेश नीति और अर्थव्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बड़े व्यापार समझौतों की बातें की जा रही हैं, लेकिन आम आदमी की थाली लगातार महंगी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है और इसे बार-बार बाधित किया जा रहा है।

खरगे के लगातार हस्तक्षेप पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई, जिसके बाद सदन में हंगामे की स्थिति बनी। सभापति ने कई बार व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और सभी सदस्यों से मर्यादा में बोलने को कहा। इसके बावजूद विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक जारी रही।

अंततः स्थिति तनावपूर्ण होने पर कुछ देर के लिए कार्यवाही प्रभावित हुई और विपक्ष के कई सांसदों ने विरोध दर्ज कराते हुए अपनी सीटों से खड़े होकर नारेबाज़ी की। दिनभर की कार्यवाही के दौरान खरगे का रुख आक्रामक बना रहा और उन्होंने बार-बार सरकार से सीधे जवाब देने की मांग की। पीएम मोदी के जवाब के समय आखिरकार तमाम आपत्तियां दर्ज करते हुए विपक्ष ने सदन का बहिर्गमन किया।

**संसद में बजट सत्र के दौरान लगातार हंगामा,**

### प्रधानमंत्री मोदी को मैंने ही लोकसभा आने से किया था मना, अप्रत्याशित घटनाक्रम था

संसद के बजट सत्र के दौरान इन दिनों लोकसभा में लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। विपक्ष के विरोध और नारेबाजी



के कारण यह संभव नहीं हो सका। हालात बिगड़ते देख सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन में गंभीर और अहम बयान दिया है। बिरला ने कहा कि जिस तरह का माहौल उस दिन लोकसभा में बना, उसमें कोई भी अप्रिय और अप्रत्याशित घटना घट सकती थी।

**राहुल का नाम लिए बिना खरगे से बोले नड्डा**

### पार्टी को 'अबोध बालक' का बंधक न बनने दें

संसद के बजट सत्र में सियासी हंगामा जारी है। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे



के बीच लोकतंत्र और अहंकार जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस हुई। इस दौरान नड्डा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और उन्हें 'अबोध बालक' कह दिया। नड्डा और खरगे के बीच हुई इस तकरार के बीच सभापति ने भी टिप्पणी की। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार हर समय और सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने लोकसभा को चलने नहीं दिया। राज्यसभा में भी जबरन हंगामा किया जा रहा है।

**भारत की मालदीव संग कृषि क्षेत्र में सहयोग पर हुई चर्चा**

## नेपाल को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने का भारत ने दिया आश्वासनःचौहान

कृषि अनुसंधान, लाइवस्टॉक एवं एग्रो-क्लाइमेटिक परिस्थितियों पर सहयोग को लेकर सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अपने आवास पर नेपाल के कृषि एवं पशुधन मंत्री डॉ. मदन प्रसाद परियार एवं मालदीव के कृषि एवं पशु कल्याण राज्य मंत्री अहमद हसन दीदी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान भारत, नेपाल और मालदीव के बीच कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की। चौहान ने बताया कि बैठक में कृषि अनुसंधान, उन्नत बीज, लाइवस्टॉक, मृदा स्वास्थ्य तथा एग्रो-क्लाइमेटिक परिस्थितियों के अनुरूप कृषि विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा, नई दिल्ली में कृषि के क्षेत्र में हो रहे उन्नत अनुसंधान कार्यों का लाभ नेपाल एवं मालदीव के कृषि क्षेत्र की उन्नति में भी दिया जाएगा। नेपाल को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन भारत सरकार द्वारा दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत और नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन मौजूद है, जिस पर दोनों देश कई क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT - 69 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत मेरठ सिटी स्टेशन पर लाइन न. 1A, 1, 4 व 5 पर बेलास्टलेस ट्रेक (BLT) का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– 112309980.61** **बयाना राशि (रुपये): 711600.00** |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.03.2026 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/e Tender Notice/NIT-69-25-26-W-II दिनांक : 04.02.2026 400/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अभिभाषण पर पीएम का स्पष्टीकरण जरूरी सदन में नहीं आ सकते तो सूचना जरूरी: वेणुगोपाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा की कार्यवाही को लेकर एक बड़ा संसदीय विवाद सामने आया है। लोकसभा सांसद एवं लोक लेखा समिति (पब्लिक अकाउंट्स कमेटी) के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की बहस के समापन में गंभीर प्रक्रियागत अनियमितताओं का आरोप लगाया है।

गुरुवार शाम को लिखे गए पत्र में के.सी. वेणुगोपाल ने कहा है कि सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के अंत में जिन संसदीय नियमों का पालन अनिवार्य है, उनका उल्लंघन किया गया। उन्होंने नियम 20 का हवाला देते हुए कहा कि इस नियम के तहत बहस के अंत में प्रधानमंत्री द्वारा सरकार का पक्ष स्पष्ट करना अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश प्रधानमंत्री ऐसा करने में असमर्थ हों, तो इसकी सूचना सदन को दी जानी चाहिए।

वेणुगोपाल ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि न तो प्रधानमंत्री ने बहस का उत्तर दिया और न ही सदन को उनकी अनुपस्थिति या असमर्थता की कोई जानकारी दी गई, जो नियम 20 का स्पष्ट उल्लंघन है।

उन्होंने आगे कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार किसी भी बहस का समापन संबंधित मंत्री के उत्तर के साथ होता है। यदि असाधारण परिस्थितियों में बिना उत्तर के बहस समाप्त करनी हो, तो इसके लिए नियम 362 के तहत प्रस्ताव लाया जाना आवश्यक होता है, जिसे अध्यक्ष द्वारा सदन में रखा जाए और सदन की स्वीकृति के बाद ही बहस को समाप्त माना जा सकता है।

पत्र में यह भी कहा गया है कि इस मामले में नियम 362 के तहत कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया, इसके बावजूद लगभग दोपहर 12 बजे धन्यवाद प्रस्ताव को अचानक मतदान के लिए रख दिया गया, जिससे बहस को बिना निर्धारित प्रक्रिया के समाप्त कर दिया गया। वेणुगोपाल ने इसे नियम 362 का भी उल्लंघन बताया है।

के.सी. वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को 'सदन के नियमों का संरक्षक' बताते हुए कहा कि संसद का संचालन संविधान के अनुच्छेद 118 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार ही किया जा सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संविधान का अनुच्छेद 105 सांसदों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है और अध्यक्ष का यह दायित्व है कि सदस्यों को इस अधिकार का पूर्ण संरक्षण मिले।

उन्होंने कहा कि सदन में प्रधानमंत्री के उत्तर को छोड़े जाने और अचानक धन्यवाद प्रस्ताव पारित किए जाने की प्रक्रिया को लेकर सदन अंधेरे में है। इससे संसदीय मर्यादाओं और स्थापित परंपराओं से विचलन हुआ है, जिसने सांसदों को आहत और भ्रमित किया है।

केसीवेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वे सदन को स्पष्ट करें कि प्रधानमंत्री के उत्तर और बहस के समापन के संदर्भ में कौन-सी प्रक्रिया अपनाई गई। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित नियमों और अपनाई गई प्रक्रिया का विस्तृत विश्लेषण सदन के हित में होगा।

इस पत्र के सामने आने के बाद संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है और विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया है।

### कांग्रेस राज में होती थी 'लिंचिंग': सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र में गुरुवार को एक हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्षी नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर तीखा हमला बोला। खरगे ने लिंचिंग जैसे गंभीर शब्द का इस्तेमाल कर सरकार को घेरने की कोशिश की, तो वित्त मंत्री ने कड़ी आपत्ति जताई। इसे सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाने की मांग भी की। सीतारमण ने कांग्रेस को उनके अपने शासनकाल की याद दिलाते हुए उन विवादित घटनाओं का जिक्र किया। वित्त मंत्री ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के दावों की धज्जियां उड़ा दीं। विपक्ष के नेता ने जिस 'लिंचिंग' शब्द का सहारा लिया है, वह पूरी तरह गलत है।

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**

**ई–निविदाएं आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लि. (रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

**निविदा सं. टी25पी131631** : नये और पुराने किलोकारी, डीटीएल स्टाफ कॉलोनी के क्वार्टरों में फ्लोरिंग टाइल्स की स्थापना और बाथरूम्स का पुनरोद्धार।

निविदा के सम्पूर्ण विवरण हेतु कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :

https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी नं. 2026_DTL_286033_1) और www.dtl.gov.in सहित यूनिक नं. DTL-9868-030226.

बोली जमा हेतु अन्तिम तिथि : 09.03.2026 को 13:00 बजे

इस ई–निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरणों इत्यादि को केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाला जाएगा। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सुभाष पुत्रः** राज कुमार **पताः** मकान नंबर A–4/153 नंद नगरी दिल्ली, ने **FIR No. 1056/2016 U/s 12/9/55 G Act थानाः नंद नगरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1056/2016 U/s 12/9/55 G Act थानाः नंद नगरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुभाष** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1583/NE/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनीता ठाकुर पत्नी श्री अशोक ठाकुर पता प्लॉट नंबर 1, उदासीन आश्रम आराम बाग, पहाड़गंज, दिल्ली–110055 दुसरा दैया नं.60, मकान नं.5, आराम बाग पहाड़गंज, दिल्ली–110055 ने सीसी सं. 542575/16 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः राजिन्द्र नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनीता ठाकुर** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनीता ठाकुर** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी सं. 542575/16 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः राजिन्द्र नगर, दिल्ली **के उक्त सुनीता ठाकुर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अरविंद तोमर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
एनआई एक्ट कोर्ट नं.507, एक्सटेंशन ब्लॉक
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17443/CD/2025

**पश्चिम बंगाल विधानसभा में अंतरिम बजट पेश, यहां 'रेवड़ी' बांटी**

# महिलाओं को 500 रु. तो बेरोजगारों को हर माह मिलेंगे 1500

## वित्त मंत्री चंद्रिमा ने 04.06 लाख करोड़ का बजट किया पेश

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 04.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट पेश किया। बंगाल सरकार ने अपनी सबसे बड़ी योजना 'लक्ष्मी भंडार' का ऐलान किया। इस योजना के तहत राज्य की 2.42 करोड़ महिलाओं को मासिक सहायता राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई राशि फरवरी से ही लागू हो जाएगी। राजनीतिज्ञ इसे आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं।

**'लक्ष्मी भंडार' का किया ऐलान**



**आशा और आंगनबाड़ी कार्यकार्यकर्ताओं का भत्ता बढ़ायाः** ममता सरकार ने लक्ष्मी भंडार योजना के अलावा, प्रस्तावित बजट में गिग वर्कर्स को मौजूदा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (जैसे कि स्वास्थ्यसाथी) में शामिल करने को कहा है। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। बजट में आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के भत्ते में भी 1000 की बढ़ोतरी की जाएगी। बेरोजगारों को 5 साल तक 1500 मासिक भत्ता मिलेगा।

**ममता बोलीं- हमने अपना वादा निभाया**

सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि हम 100 दिन रोजगार योजना, आवास योजना जैसी कई योजनाओं में देश में नंबर एक पर हैं। केंद्र ने इन योजनाओं के लिए फंड देना बंद कर दिया। हम यह बजट जनता के लिए पेश कर रहे हैं, न कि चुनाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे। हमने अपना वादा निभाया है। हमने इस फरवरी से लक्ष्मी भंडार में 500 रुपए की वृद्धि की घोषणा की है।

### वोटिंग से पहले 10-10 हजार, सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा पर प्रशांत किशोर की जन सुराज



पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में आरोप लगाया कि नीतीश सरकार ने चुनावी लाभ की कोशिश की। लाखों महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए डाले। शीर्ष कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

## केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन अग्रवाल ने दी जानकारी

# नए आयकर अधिनियम से जुड़े फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित: सीबीडीटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे।

**पेनाल्टी को शुल्क में बदलने की सुविधा मिलेगी**

### पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी की जाएगी



### संबंधित पक्षों से सुझाव लिया जाएगा

चेयरमैन ने कहा, ''प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं।'' सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, /''हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे।... नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा।''

### सरलीकरण की प्रक्रिया जुलाई 2024 से चल रही

चेयरमैन ने बजट के बारे में बात करते हुए कहा, /''प्रत्यक्ष कर से संबंधित घोषित प्रस्तावों को 'अलग-थलग' नहीं देखा जाना चाहिए। इसे उस सरलीकरण प्रक्रिया की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए जो जुलाई 2024 से ही चल रही है। उस समय वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि हम आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा करने जा रहे हैं।

### भाषा को सरल बनाने पर जोर

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। उन्होंने कहा, /''इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा।/''

### संरचनात्मक बदलाव लाए जा रहे

अग्रवाल ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा, /''इसलिए, एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है। इसमें हम प्रावधानों में कुछ संरचनात्मक बदलाव ला रहे हैं...।''

### आयकर अधिनियम में ये प्रावधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि आयकर अधिनियम में कुछ अभियोजन प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और जुर्माने से छूट देने की बजट में की गयी घोषणा का उद्देश्य करदाताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने, मुकदमेबाजी को कम करने, अनुपालन के दौरान करदाताओं की लागत और समय को कम करने के अलावा बेहतर कर प्रशासन स्थापित करना है।

## सेंसेक्स 504 और निफ्टी में 133 अंक की गिरावट

# मौद्रिक नीति से पहले घरेलू शेयर बाजार में तीन सत्रों की तेजी थमी

एजेंसी ▸▸| मुंबई


वैश्विक शेयर बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 504 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी में 133 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति घोषणा से एक दिन पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में तेज बिकवाली से धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।

**■ धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में रही बिकवाली**

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 503.76 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 666.07 अंक गिरकर 83,151.62 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,642.80 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पिछले कुछ सत्रों में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर बनी सकारात्मक धारणा से तेज उछाल देखने को मिला था लेकिन अब मुनाफावसूली हावी रही और बाजार में गिरावट रही।''



### एयरटेल, रिलायंस में नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, ट्रेंट, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

## रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 90.33 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे मजबूत होकर 90.33 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा में यह मजबूती भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों और जिंस कीमतों में गिरावट के कारण आई। हालांकि, निवेशक समझौते की शर्तों को लेकर और स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसलिए बढ़त सीमित रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि महत्वपूर्ण कॉरपोरेट डॉलर की मांग और घरेलू शेयर बाजार की कमजोर स्थिति ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। व्यापार समझौते की उम्मीदों के बावजूद, विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि बाजार अब जश्न मनाने से ज्यादा पुष्टि करने की ओर ध्यान दे रहा है।

# वार्षिक वेतन वृद्धि 8 से 12% रहने के आसार

**नई दिल्ली।** देश में विभिन्न उद्योगों में सामान्य वार्षिक वेतन वृद्धि आठ से 12 प्रतिशत के बीच स्थिर रहने के आसार हैं जबकि विशिष्ट कौशल एवं नेतृत्व क्षमता वाले पेशेवर नौकरी बदलने पर 30 प्रतिशत तक की वेतन वृद्धि हासिल कर सकते हैं। भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज इंडिया ने यह जानकारी दी। माइकल पेज इंडिया की ओर से बृहस्पतिवार को जारी की गई 'सैलरी गाइड 2026' के अनुसार, विशिष्ट प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता एवं नेतृत्व क्षमता वाले पेशेवरों की मांग मजबूत बनी हुई है। कई वर्षों की तेज वृद्धि के बाद वेतन वृद्धि स्थिर हो गई है। यह बाजार में अधिक संतुलित एवं टिकाऊ गति का संकेत देता है। 'सैलरी गाइड' में कहा गया कि उद्योगों में सामान्य वार्षिक वेतन वृद्धि आठ से 12 प्रतिशत के बीच स्थिर रहने के आसार हैं। माइकल पेज इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक नीलाय खंडेलवाल ने कहा, 2026 में भारतीय बाजार में उद्देश्य एवं क्षमता-आधारित विकास की ओर स्पष्ट बदलाव दिखाई देता है। संगठन अधिक सटीक दृष्टिकोण के साथ भर्तियां कर रहे हैं, विशेष कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं दीर्घकालिक मूल्य सृजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। खंडेलवाल कंपनी की सिंगापुर इकाई के भी प्रमुख हैं।

### माइकल पेज इंडिया ने जारी की रिपोर्ट



## पीएफसी का लाभ 6 फीसदी बढ़कर 8,212 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब छह प्रतिशत बढ़कर 8,211.90 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। गत वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में उसका मुनाफा 7,759.56 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 29,140.57 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,821.84 करोड़ रुपये थी।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) हरि शंकर वर्मा ने उत्तर रेलवे के प्रदर्शन की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) हरि शंकर वर्मा ने आज बड़ौदा हाउस स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय का दौरा किया और जोन के परिचालन प्रदर्शन और रणनीतिक दिशा की समीक्षा की। उनके आगमन पर, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री और प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक प्रवीण पांडे ने उनका औपचारिक स्वागत किया। विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, हरि शंकर वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि रेल संचालन के दौरान संरक्षा और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। कार्य संस्कृति के संबंध में कड़े निर्देश देते हुए, उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को औपनिवेशिक मानसिकता त्यागने और सेवा वितरण में पूर्णतः ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कर्मचारियों के प्रशिक्षण और कार्यशैली में नवीन एवं अभिनव दृष्टिकोण अपनाने पर भी जोर दिया। वर्मा ने कहा, भारतीय रेलवे 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प के लिए विकास का इंजन बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक रेलवे अधिकारी का प्रदर्शन इसी व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्य से प्रेरित होना चाहिए। क्षेत्रीय परिचालन पर विशेष ध्यान वर्मा ने परिचालन और वाणिज्यिक विभाग के अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की, जिसमें मंडल स्तर के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। सत्र के दौरान, उन्होंने युवा अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। व्यावहारिक नेतृत्व शैली का परिचय देते हुए, उन्होंने फील्ड में अधिकारियों के सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों को धैर्यपूर्वक सुना और परिचालन संबंधी बाधाओं को दूर करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।




## क्रिप्टोकरेंसी बाजार में लिक्विडिटी खत्म! क्या कौड़ियों के भाव बिकेगा बिटकॉइन?

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन, इस समय एक गहरे संकट के दौर से गुजर रही है। एक महीने में बिटकॉइन 18 प्रतिशत गिर चुकी है। अपने ऑल-टाइम हाई 1,26,198 डॉलर से यह अब तक करीब 40 प्रतिशत टूट चुका है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौजूदा परिस्थितियां नहीं बदलीं, तो इसमें 70 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। बिटकॉइन ने अभी तक अपना 'बॉटम' (निचला स्तर) कन्फर्म नहीं किया है। बिकवाली का दबाव अभी भी हावी है। भले ही बाजार में एकदम से कोई बड़ा क्रैश न आए, लेकिन एक लंबा 'साइडवेज फेज' देखने को मिल सकता है। बिना किसी नए ट्रिगर या बड़े निवेश के, बिटकॉइन में रिकवरी की उम्मीद कम है। बिटकॉइन में आई यह हालिया गिरावट कोई 'टेक्निकल चार्ट फेलियर' नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर लिक्विडिटी की कमी का परिणाम है। क्रिप्टोक्वांट के सीईओ की यंग जू के अनुसार, बाजार में बिकवाली का दबाव तो बना हुआ है, लेकिन नया पैसा नहीं आ रहा है। जब तक बाजार में नया कैश फ्लो बना रहता है, कीमतें ऊपर की ओर भागती हैं। पिछले साल की तेजी इसी 'न्यू मनी' के दम पर थी। लेकिन अब निवेशक अब नई पूंजी लगाने से कतरा रहे हैं।



## चांदी टूटकर 2.40 लाख प्रति किलोग्राम

# चांदी में 10 प्रतिशत और सोने में 3 फीसदी की गिरावट



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बिकवाली और डॉलर के मजबूत होने की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में भारी गिरावट आई। इस दौरान चांदी की कीमत 10 प्रतिशत टूटकर 2,40,200 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 31,636 रुपये, या 10.16 प्रतिशत लुढ़ककर 2,40,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2,71,836 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3660 रुपये, या लगभग तीन प्रतिशत गिरकर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,58660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा**

बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई, जिससे दो दिन से जारी तेजी का रुख पलट गया क्योंकि बहुमूल्य धातुओं को फिर से बिकवाली दबाव और बढ़ी हुई अस्थिरता का सामना करना पड़ा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''यह गिरावट मजबूत डॉलर, फेडरल रिजर्व के अधिकारी की सख्त टिप्पणियों और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच आई।'

## हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस में स्वाद का नया सफर: अब नॉन-वेज भोजन विकल्प भी उपलब्ध

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी), रेल मंत्रालय, भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम, भारतीय रेल की हॉस्पिटैलिटी और यात्रा सेवाओं की प्रमुख इकाई है। यात्रियों को बेहतर खानपान अनुभव प्रदान करना और रेल- आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना आईआरसीटीसी की प्राथमिकताओं में शामिल है। भारतीय रेल की प्रीमियम सेवाओं में शामिल वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस यात्रियों के सफर को लगातार अधिक आरामदायक और यादगार बनाने की दिशा में नए आयाम जोड़ रही है। इसी क्रम में हावड़ा–कामाख्या एवं कामाख्या–हावड़ा (ट्रेन संख्या 27575/27576) वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस में अब यात्रियों के लिए वेज के साथ-साथ नॉन-वेज भोजन का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। हावड़ा और कामाख्या जंक्शन को जोड़ने वाली यह वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस न केवल दो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों को आपस में जोड़ती है, बल्कि आधुनिक सुविधाओं और उच्च-स्तरीय ऑनबोर्ड सेवाओं के माध्यम से रेल यात्रा को एक नया अनुभव भी प्रदान कर रही है। पूर्वोत्तर भारत और बंगाल की समृद्ध खान-पान परंपराओं से प्रेरित मेन्यू यात्रियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। ऑनबोर्ड भोजन में जहां एक ओर लोकप्रिय बंगाली व्यंजन शामिल हैं, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक असमिया स्वाद भी यात्रियों को लुभा रहा है, जिससे यात्रा के दौरान क्षेत्रीय संस्कृति की झलक मिलती है। यात्रियों की मांग को देखते हुए, चिकन आधारित नॉन-वेज भोजन विकल्प की शुरुआत भी की गई है। क्षेत्र के यात्रियों द्वारा इस पहल का स्वागत किया गया है। शाकाहारी और नॉन-वेज—दोनों प्रकार के क्षेत्रीय व्यंजनों की उपलब्धता न केवल यात्रियों की विविध पसंद का आकर्षण बिंदु बनी हुई है। बल्कि समावेशी दृष्टिकोण के साथ भारत की विविध विरासत को भी प्रोत्साहित करती है। इस पहल के माध्यम से वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस यात्रा सेवाओं के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर रही है।

# यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में नहीं किया बदलाव

**फ्रैंकफर्ट।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को दो प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने का फैसला किया। यूरो मुद्रा का उपयोग करने वाले 21 यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों से पैदा हुई अनिश्चितताओं के बावजूद सीमित लेकिन स्थिर दर से बढ़ रही है। ईसीबी ने अपनी मानक जमा दर को दो प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया। जून, 2025 से ही यह दर कायम है। केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में कई बार कटौती कर इसे चार प्रतिशत के उच्च स्तर से घटाया था। कम ब्याज दर होने से कर्ज की लागत घटी है जिससे यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की आवास ऋण और नए निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में सुधार आया है। इसके साथ ही कम बेरोजगारी दर से उपभोक्ता मांग को भी सहारा मिल रहा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## स्कूल ऑफ इमर्जिंग मीडिया एंड क्रिएटर इकॉनॉमी में मीडिया कार्यक्रमों की गुणवत्ता आश्वासन पर संवादात्मक सत्र आयोजित



**गुरुग्राम।** स्कूल ऑफ इमर्जिंग मीडिया एंड क्रिएटर इकॉनॉमी (एसईएमसीई), के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने मीडिया कार्यक्रमों में गुणवत्ता आश्वासन विषय पर एक ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. तानिया गुप्ता, निदेशक–आईक्यूएसी, केआरएमयू ने छात्रों के साथ संवाद किया। इस सत्र का उद्देश्य तेजी से बदलते मीडिया उद्योग में अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर मानकों के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। डॉ. गुप्ता ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता, व्यावहारिक कौशल विकास, उद्योग से तालमेल तथा मूल्यांकन प्रक्रियाओं पर चर्चा की। इस संवादात्मक सत्र के दौरान छात्रों ने इंटर्नशिप, कैरियर अवसरों, मूल्यांकन प्रणाली और डिजिटल मीडिया के उभरते रुझानों पर प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों को रचनात्मकता, निरंतरता और प्रोफेशनलिज़्म अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए समग्र शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास पर जोर दिया। इस सत्र में डॉ. अमित चावला (डीन, एसईएमसीई), डॉ. ऋत्विक घोष (स्कूल समन्वयक) सहित अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. कर्ण सिंह, सहायक प्रोफेसर, एसईएमसीई द्वारा किया गया। इस तरह के कार्यक्रम गुणवत्ता-आधारित और उद्योग-तैयार मीडिया पेशेवरों के निर्माण की दिशा में स्कूल ऑफ इमर्जिंग मीडिया एंड क्रिएटर इकॉनॉमी (एसईएमसीई) की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित, पुत्र सतीश कुमार, निवासी ए-77, गली नंबर 07, मंडोली, नंद नगरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 603/2023 धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 603/2023 धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.03.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं.19, प्रथम तल**
**शाहदरा, जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**
**DP/1588/NE/2026**

## शब्द पहेली - 6130




**बाएँ से दाए**

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6129 का हल**





# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली को हराकर डब्ल्यूपीएल खिताब जीता

## मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

भाषा ▶▶ वडोदरा

कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वोल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग चार के बड़े स्कोर वाले रोमांचक फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियनस दोनों के नाम पर दो-दो डब्ल्यूपीएल खिताब हो गए हैं। दिल्ली की टीम को लगातार चौथी बार फाइनल में खेलते हुए शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिल्ली के 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने स्मृति (87 रन, 41 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और जॉर्जिया (79 रन, 54 गेंद, 14 चौके) के बीच दूसरे विकेट की 165 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। चिनेल हेनरी (34 रन पर दो विकेट) और नंदिनी (41 रन पर एक विकेट) ने अंतिम ओवरों में दिल्ली कैपिटल्स को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स (57), लॉरा वोल्वार्ट (44), सलामी बल्लेबाज लिजेल ली (37) और सलामी बल्लेबाज हेनरी (नाबाद 35) की पारियों से चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके मारे और वोल्वार्ट के साथ तीसरे विकेट के निए 76 रन जोड़े जिन्होंने 25 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे।



▶▶ दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी

▶▶ डिवाइन रहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

▶▶ बेंगलुरु को 6 व दिल्ली को 3 करोड़ मिले

### दिल्ली-203/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लिजेल का हैरिस बो डि क्लर्क | 37 |
| शेफाली का रिचा बो अरुंधति | 20 |
| लॉरा वोल्वार्ट रन आउट | 44 |
| जेमिमा का डि क्लर्क बो सतघरे | 57 |
| चिनेल हेनरी नाबाद | 35 |

अतिरिक्त: 10

कुल: 20 ओवर में चार विकेट पर: 203 रन

विकेट पतन: 1-49, 2-72, 3-148, 4-203

गेंदबाजी: बेल 4-0-19-0, सतघरे 4-0-46-1, अरुंधति 4-0-40-1, श्रेयंका 2-0-32-0, डि क्लर्क 4-0-48-1, राधा 2-0-18-0

### बेंगलुरु-204/4 (19.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ग्रेस हैरिस बो हेनरी | 09 |
| स्मृति मंधाना बो हेनरी | 87 |
| जॉर्जिया का शेफाली बो मीनू | 79 |
| ऋचा घोष का मीनू बो नंदिनी | 06 |
| नेदिन डि क्लर्क नाबाद | 07 |
| राधा यादव नाबाद | 12 |

अतिरिक्त: 04

कुल:19.4 ओवर में चार विकेट पर: 204 रन

विकेट पतन: 1-9, 2-174, 3-181, 4-191

गेंदबाजी: कैप 4-0-38-0, हेनरी 4-0-34-2, नंदिनी 4-0-40-1, श्री चरणी 3.4-0-46-0, शेफाली 1-0-9-0, मीनू 2-0-19-1, स्नेह 1-0-15-0

## खबर संक्षेप



### भारत बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा


नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने कहा कि देश को बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है।
एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने एक बयान में कहा, ''भारत को इस साल अप्रैल में गेनब्रिज एशिया/ओसियाना ग्रुप एक प्रतियोगिता के तहत बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का मौका मिला है।'' यह प्रतियोगिता सात से 11 अप्रैल तक दिल्ली लॉन टेनिस संघ परिसर के नए नवीनीकृत कोर्ट पर होगी।

### ओलंपिक में मशाल थामकर गौरवान्वित हूं



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मिलान कोर्तिना शीतकालीन खेलों से पहले ओलंपिक मशाल थामकर वह काफी अच्छा और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शीतकालीन ओलंपिक शुक्रवार को इटली में शुरू हो रहे हैं। बीजिंग ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक चुना गया था। शीतकालीन ओलंपिक 22 फरवरी को समाप्त होंगे। इसमें 16 खेलों में 116 पदक दाव पर लगे हैं।
बिंद्रा ने बारिश के बीच ली गई तस्वीरों को एक्स पर साझा करते हुए लिखा मिलानोकोर्तिना 26 में ओलंपिक की मशाल थामकर गौरवान्वित हूं यह एकता, दृढता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है।'

### धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित




**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। आरोप का नोटिस जारी कर दिया गया है। पूजा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की आचार संहिता की धारा 2.3 के उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है। पांच हजार और 10000 मीटर में भाग लेने वाली राजस्थान की पूजा 2024 में इंडियन ग्रां प्री 2 में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल लखनऊ में राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री चैम्पियनशिप में वह 25वें स्थान पर रही।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच आज हरारे स्टेडियम में दोपहर 1 बजे से

# पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहा भारत इंग्लैंड के बीच खिताबी जंग आज

एजेंसी ▶▶ हरारे

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए एक बार फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। साल 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत का सपना तोड़ दिया था। अब दो साल बाद टीम इंडिया खिताब से बस एक कदम दूर खड़ी है। सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद भारतीय टीम के हौसले सातवें आसमान पर हैं। कप्तान आयुष म्हात्रे की अगुवाई में टीम इतिहास रचने को तैयार है। वहीं इंग्लैंड की टीम भी पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही और वह भी खिताब जीतने पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी। ऐसे में भारत के गेंदबाजों व बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे से शुरू होगा। भारत ने अभी तक एक भी मैच बिना हारे फाइनल में जगह बनाई है और अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा।




### इंग्लैंड की टीम को कम आकना होगी बड़ी भूल

इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैन्नी लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है। इंग्लैंड के लिए बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्धशतक समेत 399 रन बनाए हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं।

### इन बल्लेबाजों पर टिकी है भारत की उम्मीदें

सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद भारत अपनी विनिंग प्लेइंग 11 के साथ ही मैदान पर उतर सकता है। एरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए खतरा बन सकती है। सबसे अच्छी खबर यह है कि कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा के बल्ले से भी लगातार रन निकल रहे हैं। वहीं, अभिज्ञान कुंडू निचले क्रम में टीम को मजबूती दे रहे हैं।

### गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

फाइनल मैच में टीम इंडिया को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आर.एस अंबरीश, हेलिन पटेल और दीपेश को भी गेंद से कमाल दिखाना होगा। स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका भी अहम रहेगी। ज्ञात हो कि इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं।

### टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग 11

एरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, आर.एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेलिन पटेल, दीपेश देवेन्द्रन।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन

## भारत हार के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

# महिला टीम चीन से, जबकि पुरुष टीम कोरिया से भिड़ेगी



बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप

भाषा ▶▶ किंगदाओ (चीन)

भारत की पुरुष और महिला टीम बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपने आखिरी ग्रुप मैच में क्रमशः जापान और थाईलैंड से 2-3 से करीबी हार के बावजूद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। गत चैंपियन भारतीय महिला टीम का मुकाबला मेजबान चीन से होगा जबकि पुरुष टीम अंतिम आठ चरण में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैम्पियन भारत को ग्रुप वाय के दूसरे मैच में थाईलैंड के हाथों 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। म्यामां को पहले मैच में 5-0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21-14, 17-21, 21-18 से हराया। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21-14, 20 -22, 21-11 से हराया। रक्षिता रामराज हालांकि 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्निपुत से 19-21, 17 . 21 से हार गई।

## टी-20 विश्व कप

# इतिहास में भारतीय टीम द्वारा बनाए गए सबसे बड़े स्कोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम ने कई बार अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को हैरान किया है। बड़े मंच पर खेले गए मुकाबलों में भारतीय टीम ने ऐसे विशाल स्कोर खड़े किए, जिन्होंने विरोधी टीमों की कमर तोड़ दी। ये स्कोर सिर्फ रन नहीं, बल्कि भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक सोच और ताकत का प्रतीक हैं। ऐसे में आइए जानते हैं भारतीय टीम द्वारा बनाए गए टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े स्कोर।

### 218/4- साल 2007

भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2007 के विश्व कप में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 218/4 का स्कोर बना दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए गौतम गंभीर ने 41 गेंदों में 58 रन बनाए थे। वीरेंद्र सहवाग के बल्ले से 52 गेंदों में 68 रन निकले थे।

### 210/2- साल 2021

भारतीय टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर साल 2021 के टी-20 विश्व कप में आया था। टीम ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 210/2 का स्कोर बनाया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा ने 47 गेंदों का सामना करते हुए 74 रन बनाए थे। ऋषभ पंत ने 13 गेंद में 27 रन और हार्दिक पांड्या ने 35 रन बनाए थे। केएल राहुल के बल्ले से 69 रन निकले थे। जवाब में अफगानिस्तान 144/7 का स्कोर ही बना पाई थी।

### 205/5- 2024

भारतीय टीम ने साल 2024 के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 205/5 का स्कोर बनाया था। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। रोहित ने 41 गेंदों का सामना कर 92 रन बनाए थे। उन्होंने 7 चौके और 8 छक्के लगाए थे। जवाब में कंगारू टीम 181/7 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को 24 रन से जीत मिली थी।

### 196/5- 2024

भारतीय टीम का चौथा सबसे बड़ा स्कोर भी साल 2024 के ही विश्व कप में आया था। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टीम ने 196/5 का स्कोर बना दिया था। हार्दिक पांड्या ने 27 गेंदों का सामना कर 50 रन बनाए थे। विराट कोहली ने 37 रन बना दिए थे।जवाब में बांग्लादेश की टीम 146/8 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को उस मैच में 50 रन से शानदार जीत मिली थी।

# मीराबाई चानू ने नेशनल चैंपियनशिप में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड किए ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ मोदीनगर

भारतीय वेटलिफ्टिंग की स्टार खिलाड़ी मीराबाई चानू ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनका नाम क्यों देश की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में मीराबाई ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 48 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल भारतीय पुलिस की राधा सोनी ने 183 किलोग्राम के कुल वजन के साथ रजत पदक जीता, जबकि कोमल कोहर ने कांस्य पदक हासिल किया।



### अपने ही पुराने स्तर को किया पार

यह प्रदर्शन मीराबाई के हालिया अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों से भी बेहतर रहा। 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने 199 किलोग्राम के कुल वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि इस बार उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा। हालांकि स्नैच में 91 किलोग्राम की कोशिश वह पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन इससे उनके दबदबे पर कोई असर नहीं पड़ा।

### 48 किलोग्राम वर्ग में ऐतिहासिक प्रदर्शन

बता दें कि 48 किग्रा वर्ग में उतरते ही मीराबाई का आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। स्नैच में उन्होंने 89 किलोग्राम वजन उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम भार उठाकर दूसरा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इन दोनों लिफ्ट्स को मिलाकर उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा, जो इस कैटेगरी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय प्रदर्शन है। इस तरह स्नैच, क्लीन एंड जर्क

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया। रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराकर जीता। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को झटका

# वॉर्म-अप मैच में चोटिल हुए तेज गेंदबाज हर्षित

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वॉर्म-अप मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोटिल होकर मैदान छोड़ने पर मजबूर हो गए। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में हर्षित ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाज़ी की और इसके बाद लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हर्षित की फिटनेस को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। टी20 वर्ल्ड कप बेहद करीब है और अगर हर्षित राणा टूर्नामेंट से बाहर होते हैं तो यह टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका होगा। फिलहाल बीसीसीआई की आधिकारिक मेडिकल रिपोर्ट का इंतज़ार किया जा रहा है।




### घुटने में दिखी परेशानी, बढ़ी चिंता

इस मैच में 24 वर्षीय हर्षित राणा ने अपने एकमात्र ओवर में 16 रन दिए। ओवर खत्म होने के बाद वह स्पष्ट रूप से असहज नजर आए और घुटने को पकड़ते हुए मैदान से बाहर जाते दिखे। हर्षित इसके बाद दोबारा मैदान पर नहीं लौटे। गेंदबाजी के दौरान भी वह दो बार अपने रन-अप से पीछे हटते नजर आए, जिससे साफ हो गया कि वह परेशानी में हैं।

### सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

मुंबई। मुंबई क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान को वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में शुक्रवार से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स पर कर्नाटक क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में उनका खेलना संदिग्ध है। बुधवार को सरफराज मुंबई टीम के साथ मौजूद थे, जब दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने खिलाड़ियों के साथ खास संवाद सत्र आयोजित किया था। सरफराज की जगह मुशीर खान के खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सरफराज को वायरल बुखार है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसी वजह से वह दिल्ली के खिलाफ मुंबई के पिछले मैच में फील्डिंग के लिए भी मैदान पर नहीं उतर सके थे। यह साफ नहीं है कि वह कर्नाटक के खिलाफ मुकाबले से पहले फिट होंगे या नहीं।






### शांतिपूर्ण और समृद्ध पूर्वोत्तर के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

# नगालैंड में शांति के साथ अब होगा चौतरफा विकास, फ्रंटियर नगालैंड टेरिटोरियल ऑथारिटी की स्थापना का मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शांतिपूर्ण और समृद्ध पूर्वोत्तर के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर आज भारत सरकार, नगालैंड सरकार और ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

ईएनपीओ नगालैंड के छह पूर्वी जिलों के आठ मान्यता प्राप्त नगा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष संगठन है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफिउ रियो की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से नगालैंड के छह जिलों — तुएनसांग, मोन, किफिरे, लॉन्गलेंग, नोकलाक और शमाटोर के लिए फ्रंटियर नगालैंड टेरिटोरियल अथॉरिटी (एफएनटीए) के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा और संस्था को 46 विषयों के संबंध में शक्तियों का हस्तांतरण किया जाएगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज का दिन विवादमुक्त उत्तर पूर्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उग्रवादमुक्त, हिंसामुक्त, विवादमुक्त और विकसित नॉर्थ पूर्वी की जो कल्पना की है उसमें हम आज एक कदम और आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि 11 साल पहले पूर्वोत्तर में कई हथियारबंद ग्रुप्स और विवाद उत्तर पूर्व की शांति को बिखराव की दिशा में ले जाते थे। साथ ही कई अंतर राज्य विवाद राज्यों की शांति को भंग करते थे।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर विवाद का समाधान खोजने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2019 से अब तक मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में 12 महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें केवल समझौते करती थीं, लेकिन मोदी सरकार की परंपरा रही है कि हम जो समझौते करते हैं, उन्हें अक्षरशः और भावनात्मक रूप से पूर्णतः लागू भी करते हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि वे ईएनपीओ के प्रतिनिधियों को यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि भारत सरकार पूर्वी नागालैंड के विकास में सहायता भी करेगी और इसकी जिम्मेदारी भी उठाएगी। भारत सरकार ईस्टर्न नागालैंड के विकास में मदद भी करेगी और जिम्मेदारी भी उठाएगी। शाह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष एक निश्चित राशि निर्धारित की जाएगी तथा गृह मंत्रालय इसकी स्थापना में प्रारंभिक व्यय भी वहन करेगा। अमित शाह ने कहा कि 2021-22 में ईएनपीओ के प्रतिनिधियों से कहा था कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार हर विवाद का समाधान ढूँढना चाहती है। ईएनपीओ पर भरोसा रखे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा ले उन्हे उचित न्याय और सम्मान दोनों जरूर मिलेगा।

गृह मंत्री ने कहा कि आज उन्हे बहुत हर्ष हो रहा है कि गृह मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा ईएनपीओ और नगालैंड सरकार बीच लंबे समय तक एक ब्रिज के रूप में काम किया जाने के बाद आज हम हम इस विवाद को हल कर सके हैं। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांत को भी सिद्ध करता है कि समाधान केवल आपसी सम्मान और संवाद पर आधारित बातचीत से ही प्राप्त किए जा सकते हैं, न कि हिंसा और सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से। इस ऐतिहासिक समझोते के अवसर पर नगालैंड के उप-मुख्यमंत्री यांथुंगो पैटन, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति, केन्द्रीय गृह मंत्रालय और नगालैंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### अपनी अमेरिका यात्रा संपन्न होने के बाद बोले भारत के विदेश मंत्री

# ऐतिहासिक भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग तैयार, जल्द होगी घोषणाः जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने गुरुवार को भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसे फिलहाल अंतिम रूप देने का काम जोरशोर से चल रहा है। जो बहुत जल्द ही पूरा हो जाएगा और उसके बाद अंतिम रूप से इसकी घोषणा की जाएगी। यह जानकारी उन्होंने 2 से 4 फरवरी तक की गई अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के सफलता के साथ संपन्न होने के बाद एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें ये भी बताया कि मेरी अमेरिका की एक सफल, उत्पादक और सकारात्मक यात्रा संपन्न हुई। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद। दोनों देशों के बीच हुआ यह व्यापार समझौता हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोलता है। जिससे आपसी संबंधों के लिए अपार संभावनाएं खुलती हैं।

#### 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में था तनाव



यहां बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। 50 फीसदी टैरिफ में 25 फीसदी भाग भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल की खरीद पर नाराज होकर अमेरिका के राष्ट्रपति ने दंड के रूप में लगाया था। जिसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 5 फरवरी को स्थिति साफ करते हुए कहा कि दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की टेलीफोन पर हुई हालिया बातचीत से ये स्पष्ट हो जाता है कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का आंकड़ा 18 फीसदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टैरिफ में की गई कटौती के लिए भारत के सभी नागरिकों की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देते हुए कहा था कि अब भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले मेड इन इंडिया उत्पादों पर 18 फीसदी टैरिफ लगेगा। टैरिफ के अलावा भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर बार-बार राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लिए जा रहे श्रेय, एच1बी वीजा की फीस में की गई भारी भरकम बढ़ोतरी, प्रवासियों के मामले में की जा रही सख्ती को लेकर भारत-अमेरिका संबंधों में तनातनी बनी हुई थी।

#### खनिज क्षेत्र में बढ़ता सहयोग

जयशंकर ने कहा कि जटिल खनिजों के क्षेत्र में भी हमारा महत्वपूर्ण सहयोग तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में रणनीतिक मुद्दों, रक्षा और ऊर्जा पर सहयोग की उम्मीद है। कुल मिलाकर एक मजबूत गति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। यहां बता दें कि अमेरिका की मेजबानी में जटिल खनिजों के विषयों पर आयोजित की गई मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए जयशंकर अमेरिका के दौरे पर गए थे। जिसमें उनकी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ भी अलग से एक द्विपक्षीय बैठक भी हुई। कुल मिलाकर दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात और बातचीत बीते दिनों राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के मध्य टेलीफोन पर हुई वार्ता के बाद घोषित किए गए व्यापार समझौते के तुरंत बाद हुई है।

## इंडो-यूएस ट्रेड डीलः कृषि और डेयरी पर कोई समझौता नहीं, किसान हित पूरी तरह सुरक्षितः शिवराज

**नई दिल्ली।** भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे भ्रामक आरोपों के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि इस समझौते में भारतीय कृषि, विशेषकर कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का नया उदाहरण है और प्रधानमंत्री ने शुरू से साफ कर दिया था कि किसान हित सर्वोपरि हैं। दिल्ली में आज मीडिया से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि हमारे मुख्य अनाज, फल, प्रमुख फसलें, मिलेट्स और डेयरी उत्पाद पूरी तरह सुरक्षित हैं और भारतीय कृषि या डेयरी पर किसी तरह का खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित पूरी तरह संरक्षित हैं और इस समझौते से उल्टा भारत के किसानों को नए अवसर मिलेंगे।

#### छोटे किसानों की चिंता और यूएस फार्म प्रोडक्ट्स पर स्थिति स्पष्ट

इस आशंका पर कि देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर है और छोटे किसानों पर असर पड़ सकता है, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कोई "बड़ी चीज" भारत के बाजार में अचानक नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सभी मुख्य फसलें, मुख्य अनाज, फल और डेयरी उत्पाद सुरक्षित हैं और किसी भी ऐसे क्षेत्र के लिए बाजार नहीं खोला गया है, जो भारतीय किसानों के लिए नुकसानदेह हो सके।

यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी के उस ट्वीट से पैदा संशय पर, जिसमें अमेरिकी फार्म प्रोडक्ट्स के ज़्यादा भारत आने की बात कही गई थी, चौहान ने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में पूरे तथ्य स्पष्ट कर दिए हैं और वे स्वयं भी दोहरा रहे हैं कि छोटे और बड़े, सभी भारतीय किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और मुख्य कृषि उत्पादों के लिए बाजार इस प्रकार नहीं खोला गया है कि किसानों पर दबाव बने।

#### चावल, मसाले और टेक्सटाइल निर्यात को नया बल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि भारत पहले से ही अमेरिका सहित विभिन्न देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है और हाल के आंकड़ों के अनुसार लगभग 63,000 करोड़ रुपये के चावल का निर्यात किया गया था। उन्होंने कहा कि टैरिफ कम होने से हमारे चावल, मसालों और टेक्सटाइल के निर्यात को बल मिलेगा और जब टेक्सटाइल एक्सपोर्ट बढ़ेगा तो इसका सीधा लाभ कपास उगाने वाले हमारे किसानों को होगा। चौहान ने कहा कि यह समझौता समग्र रूप से भारत के किसानों के हित में है और विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने के बावजूद तथ्य यही हैं कि किसान हित सुरक्षित हैं और निर्यात के नए अवसर खुल रहे हैं।

#### 'अगर विपक्ष बोलने ही नहीं देगा तो समझाया कैसे जाएगा'

जब यह सवाल उठा कि विपक्ष कह रहा है कि अगर ट्रेड डील कर रहे हैं तो सरकार आकर फाइन प्रिंट को संसद और देश के सामने समझाए, तो कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने दोहराया कि डील की सारी डिटेल्स समय पर सामने आएंगी, लेकिन उसका मूल साफ है – किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष संसद में बोलने ही नहीं देगा तो समझाया कैसे जाएगा।

### पीएम की यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई विशेष मीडिया ब्रीफिंग में बोले सचिव (पूर्व) पी.कुमारन

## पीएम मोदी की मलेशिया यात्रा में उठेगा जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शनिवार से मलेशिया की दो दिवसीय (7 से 8 फरवरी तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इसे लेकर गुरुवार को विदेश मंत्रालय में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग आयोजित हुई। जिसमें मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की अपने समकक्ष और मलेशियाई प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े सभी जरूरी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते (आईटीगा) की समीक्षा के साथ-साथ भगोड़े विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के भारत प्रत्यर्पण का मुद्दा भी मुख्य रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं, आपको विश्वास दिलाता हूं कि पीएम की इस मलेशिया यात्रा के दौरान सभी मामलों पर चर्चा की जाएगी। हमें पूर्व में की गई अपनी कुछ यात्राओं के दौरान भी विभिन्न स्तरों पर नाइक के मामले में मलेशिया के पक्ष के



साथ बातचीत करने का अवसर मिले हैं। भारत सभी जरूरी तकनीकी प्रक्रियाओं के पूरा होने तक इस मामले को मलेशिया के समक्ष लगातार उठाता रहेगा। हमें इच्छित परिणाम मिलने की उम्मीद है। नाइक भारत में धनशोधन, नफरत भरे भाषणों के मामले में गिरफ्तारी के डर से 2016 में मलेशिया भाग गया था। तब से वो वहीं पर रह रहा है।

**आईटीगा, सीका की समीक्षा पर रहेगा जोरः** कुमारन ने कहा कि पीएम की इस यात्रा में भारत-आसियान के बीच एफटीए को लेकर चल रही समीक्षा की जल्द समाप्ति, दोनों पक्षों के व्यापार यानी सेवाओं से जुड़े समझौते और भारत-मलेशिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीका) की संयुक्त समीक्षा भी की जाएगी। आईटीगा की समीक्षा की प्रक्रिया जारी है। टर्म्स ऑफ रेफरेंस को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई है। वाणिज्य मंत्रालय की टीम इस संबंध में आसियान समूह के साथ संवाद कर रही है। जिसमें उन तमाम विकल्पों को खंगाला जा रहा है।

#### चर्चा में रहेंगे डीपीआई आईबीसीए के मामले

डीपीआई का जहां तक मामला है। तो जब मलेशिया के पीएम इब्राहिम की भारत यात्रा हुई थी। तब दोनों देशों के बीच एक डिजिटल परिषद की स्थापना की गई थी। भारत में मेटी मंत्रालय और उसके मलेशियाई समकक्षों के बीच बातचीत हुई है। परिषद एआई, डिजिटल प्रतिभा, डीपीआई और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को लेकर काम कर रही है। हम मलेशिया के अधिकारियों को मशीन लर्निंग आईटीईसी कार्यक्रम के तहत एआई में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की यात्रा में पे-नेट को लेकर एनपीसीआई द्वारा एक समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना है। इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) के मुद्दे पर मलेशिया ने पिछली बार इसमें शामिल होने की इच्छा जताई थी। वर्तमान में हम इस संबंध में जरूरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हमें उम्मीद है पीएम की इस यात्रा में यह भी पूरा हो जाएगा।

**भारत मलेशिया को डॉर्नियर विमान देगाः** रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत मलेशिया को डॉर्नियर विमान की बिक्री करने का इच्छुक है। मलेशिया के पास स्कॉर्पीन पनडुब्बी भी है। हमारा ध्यान मध्य अवधि में की जाने वाली मरम्मत, रेट्रोफिटिंग पर है।

### ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर 27 फरवरी को होगा अभ्यास

# भारत-पाक सीमा पर फिर गरजेंगे भारतीय फाइटर जेट हमला करने की कोशिश की तो जवाब देने का प्लान भी सेट

100 से ज्यादा एयरक्राफ्ट इस अभ्यास में शिरकत करने वाले हैं

- राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज निशाना साधते नजर आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमा के पास एक बार फिर भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट गरजते नजर आएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर 27 फरवरी को अभ्यास के लिए वायुसेना अपनी पूरी ताकत मैदान में उतारेगी। ऑपरेशन सिंदूर में अपना पराक्रम दिखा चुकी भारतीय वायुसेना अब जैसलमेर में इस साल का पहला और सबसे बड़ा वायु सैन्य अभ्यास करने जा रही है। इस अभ्यास का नाम वायु शक्ति 2026 है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, एयरबेस और उनके असेट्स हिस्सा ले रहे हैं। सभी यूनिट्स को पूरी तरह से एक्टिव कर दिया गया है। 100 से ज्यादा एयरक्राफ्ट इस अभ्यास में शिरकत करने वाले हैं। ऑपरेशन



सिंदूर में शामिल वायुसेना के लगभग सभी लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम इस अभ्यास में भाग लेंगे। रक्षा अधिकारियों के अनुसार राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 और हॉक एयरक्राफ्ट सटीक निशाना साधते नजर आएंगे। चूंकि मिग-21 विमान वायुसेना से रिटायर हो चुके हैं, इसलिए पहली बार वे इस वायु सैन्य अभ्यास में दिखाई नहीं देंगे। इसके अलावा अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड को भी रॉकेट दागते हुए देखा जाएगा। भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट्स के साथ-साथ फिक्स्ड-विंग ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट यूनिट के सी-130जी और सी-295, हेलीकॉप्टर यूनिट के प्रचंड, चिनूक, एमआई-17 और एएलएच, ड्रोन तथा ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल किए लॉयटरिंग म्यूनिशन का उपयोग किया जाएगा।

पहली बार वायु शक्ति अभ्यास में सी-295 नाइट असॉल्ट लैंडिंग ड्रिल को अंजाम देगा। इसके अलावा सी-130जे सुपर हरक्यूलिस छोटे रनवे पर लैंड कर गरुड़ कमांडो को वॉर जोन में उतारने के बाद कुछ ही समय में दोबारा टेक-ऑफ करता नजर आएगा। इस दौरान दो अटैक हेलीकॉप्टर पूरे ऑपरेशन एरिया को सुरक्षित रखेंगे। भारतीय वायुसेना के इस अभ्यास की जानकारी पाकिस्तान को भी है, जिसके लिए एनओटीएएम जारी किया गया है। हालांकि पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए वायुसेना ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को भी पूरी तरह एक्टिव कर दिया है।

#### काल्पनिक युद्ध का माहौल बनाकर किया जाएगा अभ्यास

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, यह अभ्यास एक काल्पनिक युद्ध का माहौल बनाकर किया जाएगा। पूरे अभ्यास को वायुसेना के इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) के जरिए मॉनिटर और कंट्रोल किया जाएगा। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी आईएसीसीएस ने हर एक पाकिस्तानी जेट, मिसाइल और ड्रोन पर नजर रखी थी। थलसेना का आकाश तीर सिस्टम भी इसी आईएसीसीएस से जुड़ा हुआ था। वायुसेना के सभी हाई-पावर, लॉन्ग-रेंज, मीडियम-रेंज और शॉर्ट-रेंज रडार से मिलने वाली जानकारियों से एक कंप्लीट एयर पिक्चर तैयार की जाती रही, जिसके आधार पर हर एरियल खतरे को एंगेज किया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109